हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

तापमान

अधिकतम 44.5 डिग्री

न्यूनतम 31.0 डिग्री

## नशा करने से रोकने पर तीन को मारा चाकू



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। गंज थाना क्षेत्र के पारस नगर इलाके में घर के सामने नशा करने से मना करने पर पिता-पुत्र ने मिलकर एक परिवार पर हमला कर दिया। घटना में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जिसके चलते मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, पारस नगर निवासी अरुण साहू ने घर के सामने नशा कर रहे साहिल खान को रोकने की कोशिश की। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि साहिल खान और उसके पिता इस्माईल ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में अरुण साहू, उनकी पत्नी रजनी साहू और बेटे अनुज साहू घायल हो गए। इनमें अरुण साहू और उनके बेटे अनुज की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस, एसीपी कोतवाली और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल खान और उसके पिता इस्माइल को हिरासत में ले लिया है।

## खबर संक्षेप

### एंकर कंपनी के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने के मामले में केस

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने कॉपीराइट प्रकरण में एक दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रार्थी राजा ठाकुर निवासी इंदौर मध्यप्रदेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एमजी रोड स्थित गणेश इलेक्ट्रिकल्स में एंकर कंपनी के स्विच, साकेट सहित अन्य प्रोडक्ट डुप्लिकेट बेचे जा रहे हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दुकान संचालक मोहन नागवानी के विरुद्ध कापीराइट की धारा 63, 65 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ओवरटेक करने पर युवक को पीटा, 7 पर जुर्म दर्ज

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में सरोना स्थित जायका ऑटोमोबाइल के पास 4 लड़के एवं 3 लड़कियों ने एक युवक के साथ वाहन ओवरटेक करने की बात पर विवाद किया और फिर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर किसी चीज से हमला किया। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में सभी अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः धारा 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत केस दर्ज किया है।

### ई-रिक्शा की ठोकर से बच्ची घायल

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक के खिलाफ एक्सीडेंट करने के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थिया सोनवती महोबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 मई को रात करीब 10.30 बजे उसकी 5 वर्षीय बेटी घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान ई-रिक्शा सीजी-04, एनएस-1466 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए उसकी बेटी को ठोकर मार दी, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 281, 125 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गाली-गलौज से रोका तो परिवार को डंडे से पीटा

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चौखड़िया तालाब के पास रहने वाली एक महिला ने थाना उरला में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करती है। प्रार्थिया के अनुसार, इलाके के रहने वाले निरंजन बिंद और सुधीर कुमार पुरानी विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान उसके पति शिवरतन बिंद ने दोनों को गाली देने से मना किया। इस पर दोनों भड़क गए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने मिलकर शिवरतन के साथ हाथ-मुक्के और लकड़ी के डंडे से मारपीट की। पति को बचाने पहुंची महिला और उसकी बेटी सुरुचि कुमारी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने दोनों के साथ भी अभद्रता की और लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में महिला के दाहिने हाथ, पति के हाथ और पीठ तथा बेटी के सिर में चोट आई। घटना के बाद परिवार ने बिरगांव स्थित एनकेडी अस्पताल में उपचार कराया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन का निज सहायक बन विधायक पुरंदर से 10 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर उत्तर के भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा से 10 हजार रुपए की ठगी हो गई। एक अज्ञात आरोपी ने खुद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का निजी सहायक बताते हुए विधायक के मोबाइल वाट्सप नंबर पर मैसेज भेजकर पैसों की मदद की मांग की।

विधायक ने मैसेज देखकर जब उस नंबर पर कॉल किया तो ठग ने संबलपुर के बीच जंगल में गाड़ी का डीजल खत्म होने के कारण अपने परिवार सहित फंसे होने की जानकारी देते हुए 5 हजार रुपए की मदद मांगी, जिसे सही मानकर विधायक ने तत्काल आरोपी के भेजे गए खाता नंबर पर 10 हजार रुपए भेज दिए। विधायक के साथ हुई ठगी की घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाना में दर्ज कराई गई है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि रविवार दोपहर को उनके मोबाइल वाट्सप नंबर पर एक मैसेज आया था। जिस नंबर से मैसेज आया था, उसके नंबर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का निजी सहायक लिखा हुआ था।



पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में होने के कारण वे मैसेज देख नहीं पाए थे। शाम को जब वे घर पहुंचे, तो मैसेज देखने के बाद उन्होंने तत्काल उस नंबर पर कॉल किया। नंबर उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को राष्ट्रीय अध्यक्ष का निजी सहायक बताते हुए कहा कि वह अपने परिवार के साथ संबलपुर से भुवनेश्वर जा रहा है। लेकिन संबलपुर के पास जंगल में उसकी गाड़ी का डीजल खत्म हो गया है, उसे डीजल भराने के लिए 5 हजार रुपए की आवश्यकता है। पैसे नहीं मिलेंगे, तो उसका परिवार भुवनेश्वर नहीं जा पाएगा। ठग ने पैसे मांगते समय राजनीतिक पहचान का हवाला देते हुए विधायक को अपने झांसे में लिया। विधायक ने भी मोबाइल पर उसकी परेशानी सुनकर तत्काल उसके बताए खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। विधायक ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए 5 हजार की जगह 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, ताकि रास्ते में जरूरत पड़ने पर उसे दोबारा मदद मांगनी नहीं पड़े।

*जनता के विश्वास पर खरा उतरने की चुनौती*

# छोटे-मोटे कार्यों तक के लिए फंड नहीं पशोपेश में पार्षद, किसे सुनाएं दुखड़ा?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में जनता के सामने वार्ड विकास का वादा कर चुनाव जीते पार्षदों के पास वार्ड में जनता के लिए मूलभूत सुविधाओं से जुड़े छोटे-छोटे काम कराने फंड नहीं है। पुलिया निर्माण, निकास नाली बनाने, खेल मैदान, पाइपलाइन मरम्मत, पेयजल के लिए बोरवेल खनन, सड़क मरम्मत, जर्जर पाइपलाइन बदलने जैसे कामों के लिए जनता उन पर निगाह लगाए बैठी है, पर उनके द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में कई प्रस्ताव ऐसे हैं, जिनकी मंजूरी नहीं मिल पाई। राज्य शासन की ओर से शहर के वार्डों के विकास के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक वार्ड के लिए 50-50 लाख रुपए देने की घोषणा की, पर वार्ड विकास के नाम किसी वार्ड में 30 लाख, किसी में 40 की राशि ही मिल पाई। निर्वाचित जन प्रतिनिधि पेशोपश में हैं कि अपना दुखड़ा किसे बताएं? हालांकि पार्षद निधि के रूप में 6 लाख रुपए मिले हैं, पर इतनी कम राशि में केवल छिटपुट जरूरी काम ही करा पाए। पेश है एक रिपोर्ट :

- पार्षद निधि से हुए छिटपुट काम, राज्य शासन ने 50-50 लाख देने की थी घोषणा, 30 से 40 लाख ही मिल पाए



### बहुत ही दिक्कत है, 28 लाख से क्या होगा?

स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद मुरली शर्मा का कहना है, हमारी पीड़ा है कि पार्षद होकर भी जनता के छोटे-छोटे काम नहीं करा पा रहे। गोलबाजार की गलियां बेहद जर्जर हो चुकी हैं, जलभराव की समस्या से वहां व्यापारी परेशान रहते हैं। 1 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था, अब तक मंजूरी नही मिली। परेशानी ये है कि पहले गोलबाजार में अंडरग्राउंड बिजली तार के नाम पर सड़क की खुदाई हुई, इसके बाद पाइपलाइन डालने दोबारा सड़क उधेड़ी। सीएसईबी ने वहां के स्ट्रीट पोल तक हटा दिए। जगह-जगह गड्ढे हैं, रात में लाइट नहीं जलती। चाहे आरएस शुक्ला रोड हो या पेटी लाइन, बिजली खंबे हटा दिए गए थे। अब नगर निगम को वहां बिजली के खंबे, मीटर लगाने हैं, इसके लिए फंड नहीं है। वार्ड विकास के लिए 50 लाख देने का ऐलान हुआ, पर हमारे वार्ड को केवल 28 लाख रुपए मिले। इतनी कम राशि तीन जगह कार्य कराने टेंडर हुआ है, शदाणी चौक से गणेश मंदिर तक सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण होना है, पर इस राशि से केवल एक तरफ ही नाली बन सकेगी। इसी तरह नयापारा के मटरेजा गली में रोड बहुत खराब है, सीसी रोड और नाली निर्माण, शंकर चौक से गौसिया चौक तक सीसी रोड और नाली बनवाई है, पर यह काम नहीं हो पाएगा, इसके लिए राशि ही नहीं बची। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात ये है, रायपुर दक्षिण के सड़क डामरीकरण का प्रस्ताव बना था, उस राशि को केवल एक जगह भाठागांव में सड़क निर्माण में लगा दिया गया है। यही कारण है दक्षिण के किसी भी वार्ड में सड़क डामरीकरण नहीं हो पाया। पार्षद निधि के रूप में मुझे 6 लाख की राशि मिली, इनमें गार्डन में ओपन जिम लगवाने पर 3 लाख खर्च हो गए, बाकी राशि से मंदिरों और बगीचों में 14 सिटिंग चेयर लगवाई हैं।

### फंड की दिक्कत, जरूरी काम नहीं करा पा रहे

नगर निगम जोन-3 अध्यक्ष और कालीमाता वार्ड पार्षद साधना-प्रमोद साहू की पीड़ा ये है कि गर्मी के सीजन में वार्ड के तरुण नगर के सार्वजनिक तालाब से गाद और गंदगी निकलवानी है, वो काम नहीं करा पा रहे। पचरी बनाने का काम भी नहीं करा पा रहे, खपराभट्ठी के मुक्तिधाम में शेड लगवाने, रंगरोगन का काम, पंडरी के जिला अस्पताल के पास प्रगति मैदान में मिट्टी फीलिंग करानी है, खिलाड़ियों के लिए पेयजल व्यवस्था, वॉशरूम बनाना है, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर दिया है, पर आज तक मंजूरी नहीं मिली। अनुपम नगर, राजीव नगर, शंकर नगर सेक्टर-2 में ईंट से बनी पुरानी नाली खराब हो गई है, उसे तोड़कर नई नाली बनवानी है। नाला, सड़क मरम्मत का काम कराने फंड नहीं है। अधोसंरचना मद में केवल 35 लाख ही मिले, प्रस्ताव गया है, स्वीकृति नहीं मिली। पार्षद निधि से धार्मिक स्थलों पर स्टील की चेयर, चौरा और कुछ जगह पर पुरानी पाइपलाइन बदलने का काम कराया गया।



### मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण नहीं हो रहा



पार्षद भगतराम हरवंश का कहना है उनके वार्ड में मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण बहुत जरूरी है, इसके लिए जोन कमिश्नर, आयुक्त को ज्ञापन दे चुका हूं, पर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब सुशासन तिहार में भी यह मुद्दा उठाया जाएगा। गायत्री नगर में रोड नाली का प्रस्ताव गया है। 250 मीटर के पेंच में सड़क, नाली बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। सोनडोंगरी के तालाब का सौंदर्यीकरण करने प्रस्ताव गया है, वाल्मीकि आवास के जर्जर मकानों में रहने वालों के लिए किया जा रहा भवन निर्माण अधूरा है। लोगों की मांग है कि कबीर नगर में वहां के प्रभावितों को पक्के आवास बनाकर दिए जाएं। कबीर नगर में गंदे पानी के निकास की सही व्यवस्था कराने की जरूरत है।

### 50 लाख बोले थे 30 लाख मिले



पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के पार्षद आशु चंद्रवंशी का कहना है, मेरे वार्ड में सीवरेज पाइपलाइन का काम प्रमुखता से कराना है, पर अधोसंरचना मद में केवल 30 लाख ही मिले, जबकि घोषणा हुई थी वार्ड विकास के लिए 50 लाख रुपए देंगे। रोहिणीपुरम, शांति विहार कालोनी, पल्लवी विहार, कंचनजंगा फेस-2 से विकास शुल्क के रूप में 25 लाख रुपए जमा हैं, पर जोन के अधिकारी आज तक इसका इस्टीमेट ही नहीं बना पाए। वार्ड में सड़क मरम्मत, नाली निर्माण पेवर का काम कराना है तो कैसे होगा? पार्षद निधि के रूप में मिली राशि से पुलिया उठाने, कृष्णा चौक बनाने, बगीचे में लोगों के बैठने के लिए चेयर लगवाने का काम कराया गया है। वार्ड में 3000 सीवरेज के चैंबर हैं, इनमें से कई चैंबर के कवर टूट गए हैं, उन्हें बारिश के पहले बनवाना जरूरी है।



### सवारी बिठाने के विवाद पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

**रायपुर।** सवारी बिठाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक ऑटो चालक पर दूसरे ऑटो चालक ने हमला कर घायल कर दिया। घटना 24 मई की रात 11.30 बजे भाठागांव बस स्टैंड के पास की है। प्रार्थी मो. जफर घटना के समय बस स्टैंड पर अपना ऑटो लेकर खड़ा था। उसी दौरान दूसरा ऑटो चालक रिजवान खान उर्फ बिल्लू निवासी संतोषी नगर अपना ऑटो लेकर वहां पहुंचा और जफर को यह कहकर गाली-गलौज कर विवाद किया कि यह उसका इलाका है। यहां सवारी बिठाएगा तो उसे जान से मार देगा। जफर ने जब इसका विरोध किया तो रिजवान ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। घटना के बाद रिजवान फरार था, जिसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध टिकरापारा पुलिस ने धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**फल मंडी से लेकर फुटकर दुकानों तक होगी जांच**

## पुराने सैंपलों की रिपोर्ट आई नहीं, जांच के लिए तीन दिन का नया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फल बाजार से उठाए गए पुराने सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है और अब तीन दिन का नया अभियान चलाया जाएगा। 27 से 29 मई तक अभियान के दौरान खाद्य निरीक्षक राज्यभर की फल मंडी से लेकर फुटकर दुकानों में रेंडम जांच करेंगे। इस दौरान सड़े-गले फलों को नष्ट कराया जाएगा और संदेह होने पर उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

- सैंपल लेने के साथ नष्ट कराए जाएंगे सड़े-गले फल

पिछले दिनों जांजगीर में बच्चे की मौत के मामले में तरबूज का जिक्र आने पर खाद्य एवं औषधि



प्रशासन की टीम ने लालपुर के फल मार्केट में जांच करने के बाद पांच फलों के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए लैब भेजा था। करीब दस दिन गुजरने के बाद इसकी जांच पूरी नहीं हो पाई है। इधर बाजार में बिकने वाले फलों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तीन दिन का राज्यव्यापी अभियान चलाने की तैयारी है। जिला स्तर पर ⏭ शेष पेज 15 पर

*छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने परिवहन मंत्री केदार कश्यप के सामने रखी मांग*

## पेट्रोल-डीजल महंगे होने का साइड इफेक्ट बसों का किराया 50 फीसदी बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफे का असर दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ में बस मालिकों ने किराया 50 फीसदी तक बढ़ाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने परिवहन मंत्री केदार कश्यप से मंगलवार को मुलाकात कर पेट्रोल, डीजल के साथ ही बसों की कीमत में इजाफा होने का हवाला देते हुए किराया बढ़ाने की मांग रखी है। इधर लंबी दूरी का माल भाड़ा अभी नहीं बढ़ा है लेकिन लोकल मालभाड़ा सौ से दो सौ रुपए तक बढ़ा दिया गया है।

महासंघ के सईद अनवर अली ने बताया सामान्य बसों का किराया 50 फीसदी बढ़ाने की मांग इसलिए की गई है क्योंकि बीते साल मार्च में प्रदेश सरकार की अधिसूचना में बसों के किराए में भूलवश 25 फीसदी की कमी कर दी गई थी। उन्होंने बताया, उच्च न्यायालय ने किराया राउंड फिगर में करने के लिए कहा था। इसका मतलब यह था कि अगर कहीं का किराया 12.50 रुपए है तो उसको 15 रुपए कर दिया जाए और कहीं का 11 या 12 रुपए है तो उसको दस रुपए कर दिया जाए। लेकिन इसके स्थान किराया 25 फीसदी कम कर दिया गया। इसकी वजह से बीते एक साल से बस संचालकों को बहुत परेशानी हो रही है। पुराना जो 25 फीसदी किराया कम किया गया था, वो और नया पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने के साथ बसों की कीमत बढ़ने के कारण परेशानी हो रही है, उसको देखते हुए 25 फीसदी और किराया बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में कुल किराया 50 फीसदी बढ़ाने की मांग है। उन्होंने बताया वैसे भी सितंबर 2021 के बाद से बसों का किराया बढ़ा नहीं है। प्रतिनिधि मंडल में सईद अनवर अली, अमरजीत सिंह चहल, खेमराज साहू, मोहम्मद अकरम खान, विकम साहू, राजेश देवांगन, संतोष साहू, ललित विश्वकर्मा, लोकेश्वर ⏭ शेष पेज 15 पर



### लोकल माल भाड़ा बढ़ा

राजधानी रायपुर में कई राज्यों से सब्जी, अनाज, किराना सामानों के साथ आलू और प्याज आते हैं। कारोबारियों के मुताबिक इस समय गर्मी के कारण बाजार में मंदी का दौर चल रहा है। ऐसे में लंबी दूरी का किराया नहीं बढ़ा है, लेकिन लोकल किराया सौ से दो सौ रुपए प्रति टन पर बढ़ा है। आने वाले समय में जैसे ही बाजार में डिमांड में इजाफा होगा तो ट्रक संचालक माल भाड़ा बढ़ा सकते हैं।

**कलेक्टर ने कहा- लिफ्ट मेंटेनेंस, सुरक्षा व्यवस्था एवं सहायता मुहैया कराना ऑनर की जिम्मेदारी**

# व्यावसायिक भवन, मल्टीस्टोरी-मॉल्स में लगी लिफ्ट में लोग फंसे तो ऑनर के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अब किसी भी बड़े व्यावसायिक भवनों, मल्टीस्टोरी भवनों, मॉल्स तथा अन्य किसी भी संस्थान में स्थापित लिफ्ट को मेंटनेंस रखने की जिम्मेदारी उनके ऑनर की है। लिफ्ट में किसी प्रकार की खराबी आती है और लोग उसमें फंसते हैं, तो इसके लिए भवन का ऑनर जिम्मेदार होगा। लिफ्ट में फंसे लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना भी ऑनर की ही जिम्मेदारी है। ⏭ शेष पेज 15 पर



### बैठक में ये अफसर भी रहे उपस्थित

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एडीएम उमाशंकर बंदे, जिला सेनानी पुष्पराज सिंह तथा नगर निवेशक आभाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित ⏭ शेष पेज 15 पर

### एक सप्ताह में लिफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम दुरुस्त करने के निर्देश

कलेक्टर ने सभी संस्थानों को एक सप्ताह के भीतर लिफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम दुरुस्त करने, आवश्यक प्लानिंग तैयार करने, सभी लिफ्टों में चालू इमरजेंसी नंबर प्रदर्शित करने तथा पूरी मशीनरी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 7 दिनों के भीतर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### पार्किंग एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर हुई चर्चा

कलेक्टर की मौजूदगी में हुई बैठक में सुरक्षा मानकों, नियमित रख-रखाव, फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रावधानों के परीक्षण के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अस्पतालों, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं मल्टीस्टोरी भवनों में लिफ्टों का नियमित एवं व्यवस्थित मेंटेनेंस अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लिफ्ट चलते समय अचानक बंद हो जाती है, तो उसमें फंसे लोगों को तत्काल लिफ्ट ⏭ शेष पेज 15 पर

### भवनों में लिफ्ट की जांच करने संयुक्त टीम गठित

कलेक्टर ने सभी भवनों का निरीक्षण कर जांच करने के लिए टीम गठित की है। इस टीम में पुलिस, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, होमगार्ड, नगर निगम एवं सीएसपीडीसीएल के अधिकारी शामिल रहेंगे, जो लिफ्ट की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, इमरजेंसी नंबरों एवं अन्य सुरक्षा प्रावधानों की जांच करेगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा मानवीय त्रुटि पाए जाने पर संबंधित भवन स्वामी को जिम्मेदार माना जाएगा। कलेक्टर ने ⏭ शेष पेज 15 पर



# छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप को 10 से अधिक लोगों को रोजगार देने पर मिलेगी 10 लाख की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने नए नियम बनाए हैं। इस नियम के तहत यदि स्टार्टअप 10 से अधिक स्थायी रोजगार सृजित करता है, जिसमें राज्य के मूल निवासी कर्मचारी शामिल हों, तो वे इस अनुदान के पात्र होंगे। अनुदान की राशि 10 लाख रुपए होगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को गति देने के लिए 'छत्तीसगढ़ स्टार्टअप प्रोत्साहन नियम, 2026' जारी किया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के मुताबिक राज्य में काम कर रहे पात्र स्टार्टअप्स को कई प्रकार की छूट और वित्तीय अनुदान दिए जाएंगे। इस नीति का मुख्य उद्देश्य उन नवाचारों को प्रोत्साहित करना है जो स्थानीय समस्याओं का समाधान और रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।

### क्या है पात्रता और शर्तें?

नई नीति के अनुसार, अनुदान के लिए स्टार्टअप का डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अलावा, स्टार्टअप की गतिविधियों का छत्तीसगढ़ में स्थापित या संचालित होना जरूरी है । जो स्टार्टअप केवल पारंपरिक व्यावसायिक इकाइयों की पुनरावृत्ति करते हैं, वे इस नीति के तहत लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे । छत्तीसगढ़ सीड फंड सहायता के तहत पात्र स्टार्टअप्स को अपने शुरुआती चरणों विकास) के लिए 10 लाख रुपये तक की सीड फंड सहायता मिल सकेगी। हालांकि, इसके लिए इनक्यूबेटर से अनुशंसा प्राप्त होना अनिवार्य है।




### इस काम के लिए भी मिलेगा अनुदान

किराया अनुदान- औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए ली गई जगह के किराये पर स्टार्टअप्स अनुदान पा सकेंगे। पब्लिक वेलफेयर और सर्क्युलर इकोनॉमी के स्टार्टअप्स को 5 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देने का प्रावधान रखा गया है। सेबी पंजीकृत वेंचर कैपिटलिस्ट या अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड से निवेश प्राप्त करने वाले स्टार्टअप को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी, ऑनलाइन विज्ञापन, तकनीकी पेटेंट और प्रौद्योगिकी क्रय के लिए भी अनुदान के प्रावधान किए गए हैं।

### ये होगी आवेदन और प्रक्रिया

अनुदान प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप्स को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनों का मूल्यांकन 'राज्य स्तरीय स्टार्टअप संवर्धन समिति' द्वारा किया जाएगा, जो अनुदान स्वीकृति के लिए उत्तरदायी होगी। यदि आवेदन अपूर्ण होता है, तो 15 दिनों के भीतर कमियों की जानकारी दी जाएगी और आवेदक को 60 दिनों के भीतर उसे सुधारना होगा। किसी भी प्रकार का नकद भुगतान अनुदान के लिए पात्र नहीं माना जाएगा; सभी लेन-देन बैंकिंग माध्यम से होने चाहिए।

### अपील और निरीक्षण

शासन ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अपीलीय प्रावधान भी किए हैं। जिला स्तर के निर्णयों के खिलाफ संचालक, उद्योग और उसके बाद विभाग के सचिव के समक्ष अपील की जा सकेगी। साथ ही, स्टार्टअप्स का समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा। यह नीति औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की कालावधि के दौरान प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों पर लागू होगी।

## वरिष्ठ स्वयंसेवक सिन्हा के निधन पर सीएम सहित भाजपा नेताओं ने जताया शोक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।



मुख्यमंत्री ने उनके निधन को भाजपा परिवार, संगठन और प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्री रूपनारायण सिन्हा ने संगठन निर्माण, जनसेवा तथा भारतीय संस्कृति एवं योग के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका समर्पित, अनुशासित और सेवाभावी व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्रोत एवं स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उनका इस प्रकार अचानक हमें छोड़कर चले जाना अत्यंत पीड़ादायक है। सार्वजनिक जीवन, संगठन और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता लंबे समय तक याद की जाएगी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित प्रदेश भाजपा के सभी पदाधिकारियों ने भी शोक जताया है।

## आईएएस, आईपीएस और आईएफएस का बढ़ा डीए, जीएडी ने जारी किया आदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार सरकार ने महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसके बाद अब आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों को 58 फीसदी की जगह 60 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़े हुए डीए का भुगतान 1 जनवरी 2026 से प्रभावी किया है। मंत्रालय से जारी आदेश में यह कहा गया है कि महंगाई भत्ते की गणना वेतन मैट्रिक्स में निर्धारित मूल वेतन के आधार पर की जाएगी, इसमें विशेष वेतन या अन्य अतिरिक्त भत्तों को शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही आदेश के विपरीत अधिक भुगतान होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी से राशि की वसूली भी की जाएगी। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए संशोधित दरों पर महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है। यह भुगतान जनवरी 2026 से नकद रूप में किया जाएगा।

### प्रदेश के किसी एक नेता का राष्ट्रीय महामंत्री बनना तय माना जा रहा

# भाजपा को जल्द मिलेगा नया प्रदेश प्रभारी, नवीन की कार्यकारिणी में भी छत्तीसगढ़ को मिलेगी अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। जल्द ही प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलने वाला है। इसी के साथ नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी छत्तीसगढ़ को बहुत अहमियत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के किसी एक नेता को महामंत्री का पद मिलना लगभग तय है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी तय करने की कवायद चल रही है। जल्द ही इसका ऐलान होगा। वैसे भी छत्तीसगढ़ को हमेशा से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्व मिलता है। एक बार सरोज पांडेय महामंत्री रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के कई नेताओं को बंगाल, असम के चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी। छत्तीसगढ़ के नेताओं ने वहां पर कमाल भी किया है। अब ऐसे नेताओं को उनकी मेहनत का इनाम देने की तैयारी है।



### नए चेहरों को मिलेगा मौका

श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। प्रदेश के कई नेता श्री नवीन के करीबी हैं। बंगाल चुनाव में जहां एक तरफ प्रदेश के कई नेताओं को कमान दी गई थी, वहीं प्रदेश के सौरभ सिंह और राम गर्ग को नितिन नवीन की टीम में स्थान मिला था। डिप्टी सीएम विजय शर्मा को तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सभी कार्यक्रमों की कमान भी दी गई थी। यह इस बात का सबूत है कि प्रदेश के नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में कितनी अहमियत दी जाती है। अब देखना होगा कि श्री नवीन की टीम में किनको मौका दिया जाता है।

### सरोज रही हैं महामंत्री

सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महामंत्री रही हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रही हैं। करुणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम



जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। इस समय धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं। अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

## डी-लिस्टिंग पर सियासत, बैज बोले- कानून बनाएं, गुमराह न करें, केदार ने कहा- कांग्रेस भ्रम फैला रही

- डी-लिस्टिंग किसी के खिलाफ नहीं, जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा का विषय – केदार कश्यप





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के डी-लिस्टिंग मामले में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी और उसके नेता आदिवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस को न आदिवासियों की चिंता है और न उनके अधिकारों की रक्षा से कोई लेना-देना। कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासी समाज के नाम पर केवल राजनीति की, उनका शोषण किया और उन्हें विकास से दूर रखा।उन्होंने कहा, आज जब देशभर का जनजातीय समाज अपने संवैधानिक अधिकारों और अस्मिता की रक्षा के लिए आवाज उठा रहा है, तब कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह वास्तविक आदिवासी समाज के अधिकारों के साथ है या उन लोगों के साथ जो आदिवासी सुविधाओं का अनुचित लाभ लेकर मूल वनवासी समाज के हिस्से को कमजोर कर रहे हैं।

डी-लिस्टिंग का मुद्दा किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि वास्तविक जनजातीय समाज के हित और अधिकारों की रक्षा का विषय है। कांग्रेस इस गंभीर विषय को भी वोट बैंक की राजनीति और भ्रम फैलाने का माध्यम बना रही है।

### डी-लिस्टिंग मामले में भाजपा अवसरवादी राजनीति कर रही : बैज

वहीं डी-लिस्टिंग मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा अवसरवादी राजनीति कर रही है। देश व राज्य में भाजपा की सरकार है। संसद व विधानसभा में कानून बनाने का अधिकार इनके पास है, तो डी-लिस्टिंग मामले में कानून बनाने से क्यों डर रहे हैं? भाजपा आदिवासी नेताओं को बुलाकर भाषण देकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती है। डी-लिस्टिंग के मामले में आदिवासी समाज के पीड़ा से भाजपा को कोई लेना देना नही है। आदिवासियों के हितों की भाजपा को कोई चिंता नही है। यह जैसे धर्मांतरण के मामले में राजनीति करती है, वैसे ही डी-लिस्टिंग के मामले में राजनीति कर रहे है। भाजपा को लगता है कि डी-लिस्टिंग होना चाहिये, जो कानून बनाये, केवल गुमराह करने का काम नहीं करें।



## खबर संक्षेप

### एमआईसी की बैठक आज

रायपुर। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 27 मई को प्रात : 11:30 बजे महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। बैठक में निगम आयुक्त संबित मिश्रा सहित सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त और जोन कमिश्नर तथा विभाग प्रमुख अधिकारी व एमआईसी सदस्य मौजूद रहेंगे। एमआईसी की बैठक में पंद्रहवें वित्त आयोग मद से प्राप्त राशि के उपयोग, सड़क डामरीकरण संबंधी प्रस्ताव, निगम कर्मचारी अधिकारियों के चिकित्सा क्षतिपूर्ति और गरीबों के पेंशन प्रकरणों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

## निधन

### रूपनारायण सिन्हा

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का निधन हो गया है। उन्हें साय सरकार में कैबिनेट मंत्री का



दर्जा प्राप्त था। वे बिलासपुर तिफरा में भाजपा के 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उनका संपूर्ण जीवन संगठन, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। तिल्दा-नेवरा क्षेत्र से भी उनका निरंतर संपर्क बना रहा। उनके निधन पर भाजपा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लोकतंत्र प्रहरी के रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ जैन. प्रदेश महामंत्री नरेंद्र मालूराम शर्मा, सुधांशु शर्मा ,अमरजीत पासवान, बृजलाल वर्मा ,शशि भूटानी, मधु सुदन दीवान ,नर्सिंग वर्मा, स्वाति वर्मा, रानी जैन पार्षद, बेबी गोस्वामी,सहित अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बिसौहा राम साहू

**आरंग।** ग्राम जरौद (कलई) निवासी बिसौहा राम साहू का



मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गंगाराम, उदयराम, छबिराम साहू के पिता थे।

### दीपक ध्रुवंशी

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा निवासी 31 वर्षीय दीपक ध्रुवंशी का



निधन रविवार को हो गया। वे जोहन ध्रुवंशी के पुत्र थे। उनके अंतिम यात्रा मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए।

# भारतीय संस्कृति व ज्ञान परंपरा का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

## कलेक्टर ने किया पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य कर रही टीम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वेक्षकों व संरक्षकों को एक गरिमामयी समारोह में सम्मानित किया गया। मंगलवार को रेडक्रॉस भवन रायपुर में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आरंग सहित जिले की अन्य टीमों को सम्मानित करते हुए कहा कि ज्ञानभारतम मिशन के तहत हस्तलिखित पुराने अभिलेखों, पांडुलिपियों व पोथियों का संकलन एवं डिजिटलीकरण किया जा रहा है। हमारी संस्कृति व भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। समारोह में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एवं नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सहभागिता निभाते हुए सर्वेक्षण टीम का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला नोडल एवं नगर निगम उपायुक्त रायपुर डॉ. अंजली शर्मा, जिला समन्वयक डॉ. कामिनी बावनकर, डीएमसी अरुण शर्मा ने सम्मानित सभी टीमों को बधाई दी।

वहीं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभिलाषा पैकरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आरंग टीम के सर्वेयरों को सम्मानित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।



### सर्वेयर का सम्मान

इस मिशन के तहत आरंग में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले सर्वेयर शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, प्रधान पाठक अरविंद कुमार वैष्णव एवं शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी तथा पांडुलिपियों के संरक्षक अमिताभ स्वाति अग्रवाल, रवींद्र अग्रवाल एवं दीपक गुरु गोस्वामी को प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही संरक्षकों का इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया गया।

## अपराध : वारदात छुपाने रातभर साफ किया खून, सुबह करने लगा अंतिम संस्कार की तैयारी

# बेटे को शराब पीने से रोका तो पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या, पत्नी का हाथ तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा के वार्ड क्रमांक-4 में मानवीय रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक कलयुगी बेटे ने मामूली विवाद पर अपने ही बुजुर्ग पिता की लाठी से बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आई अपनी पत्नी पर भी आरोपी ने जानलेवा हमला कर उसका हाथ तोड़ दिया। खौफनाक बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपी ने रातभर में सबूत मिटाए और सुबह शव का सामान्य मौत बताकर अंतिम संस्कार करने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन पड़ोसियों की सतर्कता से उसका यह घिनौना प्लान फेल हो गया। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी वीरेंद्र कोठारी उर्फ राजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक संतु कोठारी रात में अपने घर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका बेटा वीरेंद्र कोठारी उर्फ राजू (33 वर्ष) बाहर से अन्य लोगों को घर बुलाकर शराब पिला रहा था। बुजुर्ग पिता ने घर के भीतर इस तरह शराब खोरी करने से मना किया, तो राजू आगबबूला हो गया और पिता से गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आक्रोशित राजू ने घर में रखे लकड़ी के भारी डंडे (लाठी) से अपने पिता संतु कोठारी पर ताबड़तोड़ प्राणघातक हमले कर दिए। सिर और शरीर के संवेदनशील हिस्सों में गंभीर चोटें लगने के कारण बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

- सजग पड़ोसियों ने पुलिस बुलाकर कलयुगी राजू को भिजवाया जेल



### पुलिस ने जब्त की कत्ल की लाठी, आरोपी भेजा गया जेल

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत वार्ड-4 पहुंचकर अंतिम संस्कार रुकवाया और मर्ग कायम कर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। विवेचना के दौरान जब पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपी वीरेंद्र कोठारी उर्फ राजू से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो वह ज्यादा देर तक झूठ नहीं बोल सका और अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना लकड़ी का डंडा जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र कोठारी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### ससुर को बचाने आई पत्नी को भी बेरहमी से पीटा

जब घर के भीतर यह खूनी खेल चल रहा था, तब आरोपी की पत्नी अपने ससुर संतु कोठारी को बचाने के लिए बीच में आई। लेकिन क्रूरता की हदें पार कर चुके आरोपी राजू ने अपनी पत्नी को भी नहीं बख्शा और उस पर लाठियां बरसा दीं। इस हमले में उसकी पत्नी का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया और वह दर्द से कराहते हुए दूर जा गिरी।

### सुबह रच रहा था सामान्य मौत का स्वांग

पिता की सांसें थमते ही आरोपी राजू का शातिर दिमाग सक्रिय हो गया। उसने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए घटनास्थल की पूरी साफ-सफाई की, फर्श पर बिखरा खून धोया और पिता के शव को उठाकर खाट (चारपाई) पर सामान्य रूप से लिटा दिया। सुबह होते ही आरोपी ने आसपास के लोगों को पिता की सामान्य मौत होने की झूठी सूचना दी और अंतिम संस्कार (शव यात्रा) की तैयारियां शुरू कर दीं। लेकिन रात में हुए शोर-शराबे और विवाद की भनक पड़ोसियों को लग चुकी थी। अनहोनी की आशंका होते ही सजग पड़ोसियों ने तत्काल तिल्दा-नेवरा पुलिस को गुप्त सूचना दे दी।

# तिल्दा में 1000 से अधिक अवैध नल कनेक्शनों पर पालिका सख्त




**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा नगर पालिका क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन लगाने वाले लोगों पर अब पालिका प्रशासन सख्ती करने जा रहा है। नगर पालिका को गोपनीय रूप से सूचना मिली है कि शहर में करीब 1000 से अधिक नल कनेक्शन ऐसे हैं, जो बिना अनुमति और नियमों के विपरीत लगाए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने अब जांच टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पालिका प्रशासन ने अवैध नल कनेक्शन धारकों को राहत देते हुए पहले चरण में अपने कनेक्शन को वैध एवं नियमित कराने का मौका दिया है। इसके लिए 3 दिवस के भीतर नगर पालिका कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि कई लोगों ने अवैध रूप से नल कनेक्शन ले रखे हैं। पालिका प्रशासन सीधे कार्रवाई करने के बजाय पहले उपभोक्ताओं को नियमितीकरण का अवसर दे रहा है। इसके लिए शहर में मुनादी भी कराई जा रही है, ताकि लोगों को जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने अवैध नल कनेक्शन लगाए हैं, वे नगर पालिका में आवेदन और निर्धारित शुल्क जमा कर अपने कनेक्शन को नियमित करा सकते हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर कनेक्शन वैध नहीं कराया गया और जांच में अवैध कनेक्शन पाए गए, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कनेक्शन विच्छेदन एवं जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि नगर पालिका चुनाव के दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से नल कनेक्शन दे दिए गए थे। अब पालिका प्रशासन ऐसे सभी कनेक्शनों का सत्यापन कर उन्हें नियमों के दायरे में लाने की तैयारी में जुट गया है।

- नियमित कराने मिला 3 दिन का मौका, वरना कटेगा कनेक्शन

## लो वोल्टेज की समस्या पर व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** नगर के खरोरा मार्ग स्थित घरों और दुकानों में लगातार बनी लो वोल्टेज की समस्या को लेकर मंगलवार को नगर व्यापारी संघ ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की, जिस पर अधिकारियों ने जल्द निराकरण



का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण एसी, कूलर, पंखे, फ्रीज, कलर मशीन, फोटोकॉपी, प्रिंटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता, पंकज शुक्ला, जगन पाल, राकेश गुप्ता, लगनू खान, संतोष साहू एवं दीपक सोनी उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष...

### पुराने सैंपलों की...

इसके लिए अभिहित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। 27 से 29 मई तक वे फल मंडियों, थोक और चिल्हर व्यापारियों के पास जाकर फलों की क्वालिटी की जांच करेंगे। इस दौरान किसी तरह के फल खराब मिलते हैं तो उन्हें नष्ट कराया जाएगा और दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ का संदेह होता है, तो उसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। **अफसरों का दावा अब तक मिलावट नहीं** :इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अफसरों का दावा है कि राज्य में अब तक फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ अथवा उसे आकर्षक बनाने केमिकलों का गलत उपयोग किए जाने का मामला सामने नहीं आया है। आमतौर आम और केला को पकाने के लिए कार्बाइट पत्थर का उपयोग किए जाने की बात सामने आती है। व्यापारियों को ऐसा नहीं करने के लिए पहले ही सख्त हिदायत की दी गई है। वहीं व्यापारियों को यह भी ताकीद किया गया है कि फलों पर किसी तरह के स्टीकर लगाकर बिक्री नहीं की जाए। **जांच के निर्देश** : टीम को तीन दिन मंडियों में जाकर फलों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान सड़े-गले फलों को नष्ट भी कराया जाएगा। विभाग आम लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मिले, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। **दीपक अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन**

### पेट्रोल-डीजल महंगे ...

सिंह राजपूत, सुमित ताम्रकार, सिकंदर सिंह, शोएब अली, राजेश देवांगन, ललित विश्वकर्मा एवं प्रदेश के सभी जिलों से आए बस संचालक शामिल थे।

### व्यावसायिक भवन, ...

इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बरती गई, तो संबंधित भवन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने रेडक्रास भवन में व्यावसायिक एवं अन्य मल्टी स्टोरी भवन प्रबंधकों के साथ बैठक लेकर दिए हैं।

### बैठक में ये ...

रहे। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर के रजबंधा मैदान स्थित एक निजी काम्पलेक्स में भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी सहित अन्य लोग लिफ्ट के अंदर फंस गए थे। लगभग सभी 15 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे, जिन्हें सुरक्षा गार्ड की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि इस घटना के दौरान बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि लिफ्ट चलते हुए अचानक बंद हो गई थी। इस घटना के दौरान कोई भी तकनीकी सहायता टीम नहीं पहुंची थी। इससे काम्पलेक्स में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हुए थे।संभवतः इस घटना को अपने संज्ञान में लेकर कलेक्टर ने बैठक बुलाई थी, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### पार्किंग एवं सॉलिड ...

से बाहर निकालने का इंतजाम करने की व्यवस्था भवन मालिक को करना है। ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई संस्थानों द्वारा लिफ्ट प्रबंधन के लिए विशेष रूप से लोगों एवं दिव्यांगजनों को नियोजित किया गया है। इस प्रकार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

### भवनों में लिफ्ट ...

स्पष्ट कहा कि किसी दुर्घटना की स्थिति में ऑपरेटर नहीं, बल्कि भवन स्वामी जवाबदेह होंगे।

# लक्ष्मी विहार को मिलेगी पेयजल संकट से मुक्ति

**आरंग।** लक्ष्मी विहार विकास समिति द्वारा विगत दिवस जनहित को ध्यान में रखते हुए चिलचिलाती धूप में नगर पालिका पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया था। समिति ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पालिका अध्यक्ष को कॉलोनी में व्याप्त गंभीर पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए नल कनेक्शन की मांग की थी, ताकि रहवासियों को जल संकट से मुक्ति मिल सके। इस गंभीर समस्या के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई कर नल कनेक्शन हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश



भी दिए गए हैं। कॉलोनी अध्यक्ष पवन चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष मोहन साहू, मीडिया प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, कमलकांत बंजारे एवं एसके तिवारी ने इस पहल के लिए नगर पालिका के प्रति आभार प्रकट किया है।

## विश्व रक्तदान दिवस पर लगेगा शिविर

**रायपुर।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में सोसायटी की सदस्यता एवं समाजसेवा गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस जरूरतमंदों की मदद का सशक्त माध्यम है, इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना जरूरी है। जून माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम, जुलाई में स्कूलों के जेआरसी विद्यार्थियों के लिए भव्य कार्यक्रम, प्रबंध समिति सदस्यों का प्राथमिक उपचार व सीपीआर प्रशिक्षण तथा विश्व रक्तदान दिवस पर जून में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने महापौर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** गड़रिया धनगर समाज की आराध्य लोकमाता अहिल्या देवी की 301वीं जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने रायपुर जिले में शराब दुकान, मांस-मटन दुकान बंद करने के लिए महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ छग प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु धनगर ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सर्व गड़रिया समाज महासंघ, सामाजिक संगठन प्रदेशाध्यक्ष अजय हंसा, जिलाध्यक्ष कपूरचंद धनगर, जिला उपाध्यक्ष सुरेश धनगर, जिला सचिव प्रकाश धनगर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पाल आदि उपस्थित थे।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मुर्रा, पटवारी हल्का नं. 02, राजस्व निरीक्षक मंडल धरसींवा-1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित भूमि खसरा नं. 200/1, रकबा 0.6400 हेक्टेयर में से लगभग 01 एकड़ 50 डिसमिल कृषि भूमि के संबंध में दिनांक 15/04/2026 को विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रोशन वर्मा पिता रामचंद्र वर्मा, निवासी ग्राम मुर्रा के नाम दर्ज है। संबंधित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरार नामा निष्पादित किया गया है। एवं शेष राशि का भुगतान बैनामे के निष्पादन के समय की जाएगी।

अतः उक्त भूमि/ संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार अथवा अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, ऋण, बंधक, अधिकार या विवाद हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित निम्न पते पर संपर्क कर अपनी दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः 25/05/2026

**श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा**
**अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9300681760**

**।। आम सूचना ।।**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फूड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरीक्षक मंडल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामी से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है-
1. भू-स्वामी - भूपत साहू पिता श्री बिसौहा साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 517 रकबा 0.090 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे पन्द्रह दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध व शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने
स्थानः सिमगा
दिनांकः 23.05.2026

**सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता**
**ऑफिस - उप पंजीयक कार्यालय परिसर सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**पिन नं. 493101**
**मो. नं. 9301307152, 8770903083**

**।। आम सूचना ।।**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विक्रेता-श्रीमती तारा गौतम पति श्री मनोज कुमार गौतम, निवासी-आई-10, विधानसभा, बरौदा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा-ग्राम-भुरकोनी, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं. -रायपुर-16 सारागांव, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. -13/9 का भाग रकबा 1921 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार/क्रेता-श्रीमती सुषमा देवी पति श्री धनंजय सिंह, निवासी-श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिये है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार से या उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए शासन, प्रशासन निगम इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावें बाद म्याद उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जायेगा, तथा बाद म्याद प्रस्तुत की गयी आपत्ति, उजर या दावा झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी, एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-26/05/2026 **भवदीय**

**अपूर्व कुमार सेन अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.), पताः- काली मंदिर रामेश्वर नगर भनपुरी, रायपुर छ.ग., मो.नं. 98932-17914**

**सार्वजनिक सूचना**
**(आम जनता एवं संभावित क्रेताओं हेतु चेतावनी)**

संपत्ति का विवरणः- वाणिज्यिक परिसर/दुकान, स्थित मुख्य सराफा, हलवाई लाइन, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.), जहाँ वर्तमान में "श्री गोपाल जौहरी ज्वेलर्स" संचालित है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल श्री ललित पटवा (पुत्र श्री हुकमचंद पटवा, निवासी टैगोर नगर, रायपुर) के पूर्ण, अनन्य एवं निर्बाध स्वामित्व की पैतृक संपदा है। इस परिसर के एक अंश पर श्री जौहरी शर्मा व उनके पुत्रों को दशकों पूर्व हमारे मुवक्किल के पूर्वजों द्वारा केवल निःशुल्क एवं किराया-रहित (Gratuitous Licensee) उपयोग की अनुमति दी गई थी। उनका इस संपत्ति पर कोई स्वामित्व, स्वत्व, हित अथवा अंतरण का अधिकार निहित नहीं है।

मेरे मुवक्किल के संज्ञान में आया है कि उक्त कब्जेदार कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को मालिक दर्शाते हुए तृतीय पक्षकारों के साथ इस संपत्ति का अवैध सौदा/विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। इस धोखाधड़ी के विरुद्ध दिनांक 25.11.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सिविल लाइन, रायपुर में औपचारिक परिवाद दर्ज कराया जा चुका है जो विचाराधीन है।

अतः आम जनता, संभावित क्रेताओं, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को सावधान किया जाता है कि वे श्री जौहरी शर्मा, उनके पुत्रों या "श्री गोपाल जौहरी ज्वेलर्स" अथवा उनके किसी प्रतिनिधि एवं उनसे संबंधित अथवा असंबंधित अन्य व्यक्ति या संस्था से इस संपत्ति के संबंध में कोई भी क्रय-विक्रय (बैनामा), करार, पट्टा, बंधक या आर्थिक लेन-देन न करें। उनके द्वारा निष्पादित कोई भी दस्तावेज विधिक रूप से शून्य (Void ab initio) होगा।

यदि कोई व्यक्ति/संस्था इस सूचना की अवहेलना कर कोई व्यवहार करता है, तो वह पूर्णतः अपने सिविल व आपराधिक जोखिम पर करेगा। मेरे मुवक्किल किसी भी आर्थिक क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे तथा अवैध लेन-देन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 316, 318(4), 336, 338 एवं 340 के अधीन सख्त कानूनी कार्यवाही एवं सिविल वाद संस्थित की जाएगी।

Place - Raipur CG
Date - 25/05/2026

**Raja Sharma Advocate**
20, Neel Basant, Ravi Nagar
Postal Beat 4 Raipur C.G
Mobile 7000654781
email advrajasharma@gmail.com

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 26/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/आवेदिका रिंकू पिता स्वनीत पसारी, सा. दलदल सिवनी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 36/3, 36/4, 37/4 रकबा 0.0281 हे., 0.0255 हे., 0.0956 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति. तहसीलदार/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 30/04/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 09/06/2026 को समय 11:30 AM बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर-20**
**तहसील - रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गजानंद साहू पिता स्व. श्री भुवन लाल साहू निवासी उरकुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 138/1, 139/1-2, रकबा 0.241 हे. अर्थात 25940 वर्गफुट भूमि जो मौजा उरकुरा प.ह.नं. 108/38, रा.नि.मं.-रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जो मेरे पक्षकार की पैतृक भूमि है जिस पर वह दाखिल व काबिज होकर उक्त भूमि पर मकान व दुकान में निवासरत है।उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्री अनूप गिदवानी पिता श्री नवल राय गिदवानी, निवासी जलविहार कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का नाम दर्ज है किन्तु उक्त भूमि पर पूर्वज काल से कब्जा मेरे पक्षकार एवं उसके परिवार का ही चला आ रहा है। जिसका प्रकरण माननीय व्यवहार न्यायालय रायपुर के समक्ष लंबित है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि विवादित है। इसके बाद भी अनूप गिदवानी उक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। उक्त भूमि के पेटे अनूप गिदवानी ने मेरे पक्षकार से प्रतिफल राशि भी प्राप्त कर चुका है और मेरे पक्षकार के पक्ष में बयनामा का पंजीयन एवं निष्पादन नहीं कर रहा है।

यह कि उपरोक्त विवादित भूमि को कोई भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि अनूप गिदवानी से क्रय करने का सौदा न करें यदि ऐसा करते हैं तो क्रय करने वाले व्यक्ति को उक्त आधिपत्य एवं कब्जा प्राप्त नहीं होगा और उसे अनावश्यक विवाद का सामना करना पड़ेगा। सो सूचना जाने।

स्थानः रायपुर दिनांकः 26.05.2026

**भवदीय**
**ओ.पी. देवांगन, अधिवक्ता**
**पता- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक-29 दुर्गा चौक, गाजी नगर बीरगांव रायपुर छ.ग., मो.- 83494 42999**








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खदानें बंद, अब अवैध भंडारण की गई रेत का परिवहन शुरू, 5 हाईवा पकड़ाई, 6 गिट्टी से भरे वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग के राज्य एवं जिला उड़नदस्ता की टीम लगातार खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई कर रही है। इसके तहत जिलेभर की सभी रेत खदानों को बंद करा दिया गया है, जिसमें 6 वैध खदानें भी शामिल हैं। इन खदानों के बंद होने के बाद अब रेत माफिया ने अवैध रूप से भंडारण की गई रेत का परिवहन शुरू कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात को गश्त के दौरान उड़नदस्ता टीम ने रेत से भरे 5 हाईवा को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाते पकड़ा है। इन गाड़ियों को खरोरा तहसील क्षेत्र में पकड़ा है। खनिज विभाग के जिला अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए टीम लगातार दिन और रात में गश्त पर निकल रही है। जिला सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में निकली टीम 25 मई की रात में खरोरा और मंदिर हसौद क्षेत्र के निरीक्षण पर निकली थी। इस दौरान खरोरा क्षेत्र में रेत से भरे 5 हाईवा को पकड़ा गया। इन गाड़ियों के चालक से पूछताछ पर उनके पास कोई रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इसी प्रकार मंदिर हसौद क्षेत्र में गिट्टी से भरे 2 हाईवा गाड़ी को पकड़कर पूछताछ की गई। इन दोनों गाड़ी चालकों के पास भी रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इस तरह इन सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## टीम लगातार दिन और रात में गश्त पर निकल रही

### पिरदा जांच चौकी के पास 4 गाड़ी पकड़ाई

खनिज विभाग की टीम मंगलवार को भी निरीक्षण करने निकली थी। इस दौरान पिरदा जांच चौकी के पास गिट्टी से भरी चार गाड़ियों को पकड़ा गया। इनमें से किसी गाड़ी चालक के पास गिट्टी परिवहन करने की रायल्टी पर्ची नहीं थी। टीम ने इन चारों गाड़ियों को भी जब्ती बनाया है।



फाइल फोटो

### सख्त कार्रवाई की जा रही

*जिले में खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में अवैध परिवहन में संलिप्त 11 हाईवा को पकड़ा है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।*

*- राजेश मालवे, जिला अधिकारी खनिज विभाग रायपुर*

### जुर्माना पटाने वालों की खनिज विभाग के दफ्तर में लगी भीड़

रायपुर जिले में पिछले दिनों से हो रही लगातार कार्रवाई में जब्त की गई गाड़ियों को छुड़ाने तथा जुर्माना राशि पटाने के लिए उनके मालिकों की भीड़ कलेक्टोरेट स्थित खनिज विभाग के दफ्तर में लग रही है। मंगलवार को भी यह भीड़ लगी रही। हालांकि विभाग इस बार अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन मालिकों पर सख्ती अपना रहा है, ताकि अवैध परिवहन पर भी पूरी तरह से अंकुश लग सके। इसके लिए वाहन मालिकों को दोबारा गाड़ी पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी जा रही है।

### जुर्माना राशि लगाकर छोड़ी जा रही गाड़ियां

*जब्त की गई सभी गाड़ियों के मालिकों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। रेत से भरे हाईवा मालिक पर 28 हजार रुपए तथा गिट्टी से भरे हाईवा मालिक पर 33 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इस तरह दो दिन में कुल जब्त की गई 11 हाईवा मालिकों के खिलाफ कुल 3 लाख 38 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना राशि अदा करने के बाद ही गाड़ियों को छोड़ा जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 27 मई को प्रातः 11:30 बजे महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। बैठक में निगम आयुक्त संबित मिश्रा सहित सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त और जोन कमिश्नर तथा विभाग प्रमुख अधिकारी व एमआईसी सदस्य मौजूद रहेंगे। एमआईसी की बैठक में पंद्रहवें वित्त आयोग मद से प्राप्त राशि के उपयोग, सड़क डामरीकरण संबंधी प्रस्ताव, निगम कर्मचारी अधिकारियों के चिकित्सा क्षतिपूर्ति और गरीबों के पेंशन प्रकरणों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

### योग आयोग के अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के निधन पर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति की ओर से साईंनगर जोरा में मंगलवार को शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। शोकसभा में दिवंगत की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया और शोकाकुल परिजनों के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छगनलाल साहू, कार्यकारिणी के सदस्यों में सुरेश सोनी और छोटेलाल ठाकुर तथा आम नागरिकों में श्यामसुंदर राय, देवनारायण चंद्राकर, पुजारी तिवारी, गायत्री कुशवाह, अन्नू वर्मा एवं पूजा यादव आदि शामिल रहे।

## भीषण गर्मी में सुबह नल खुलने के समय आधे घंटे बिजली गुल, जनता परेशान

# एक तरफ 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का वादा दूसरी तरफ नल के समय बिजली गुल

**अमृत मिशन में 400 करोड़, 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के नाम पर 130 करोड़ खर्च फिर भी टैंकर मुक्त नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी सरकार एक तरफ जहां राजधानी वासियों को शहर के 14 वार्डों में 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने का वादा कर रही है, दूसरी तरफ 4 जोन के 11 वार्डों में सुबह नल खुलने के समय आधा घंटा बिजली काट कर पानी पहुंचा रही है। इसके बाद भी शहर में पेयजल संकट की समस्या दूर नहीं हुई। भीषण गर्मी में सुबह के समय बिजली बंद करने को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान हैं।

दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में पेयजल की ठोस व्यवस्था उपलब्ध कराने के नाम पर 600 करोड़ रुपए अलग-अलग योजनाओं पर खर्च करने के बाद भी शहर के 11 वार्ड इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। खमतराई स्थित जोन क्रमांक 1, शंकर नगर स्थित जोन 3 और ईदगाह भाठा जोन 5 के अलावा भाठागांव के जोन 6 कमिश्नरी के वार्डों में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। तत्कालीन निगम आयुक्त विश्वदीप ने 20 दिन पूर्व शहर के 11 वार्डों की पेयजल समस्या प्रभावित इलाकों में जल संकट दूर करने नल खुलने के समय सुबह 6 बजकर 10 मिनट से 6 बजकर 40 तक विद्युत आपूर्ति बंद करने की अनुशंसा कर छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल 1 और सिटी सर्किल 2 को पत्र लिखा। निगम के अधिकारियों का बिजली बंद करने के पीछे तर्क ये रहा कि नलों से पानी का प्रेशर कम इसलिए कम आ रहा क्योंकि प्रभावित इलाके में अवैध रूप से लोग टूल्लू पंप लगाकर पानी खींच रहे हैं, इसलिए यह कदम कारगर साबित होगा।





### इन इलाकों में बिजली गुल, फिर भी पेयजल संकट

नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह बस्ती, भावना नगर तुलसी नगर, वृंदावन कालोनी, तुलसीनगर, पावर्ती नगर, श्रीराम नगर फेज 1, गायत्री नगर,न्यू सेल्स टैक्स कालोनी में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने बताया कि उनके वार्ड के जलसंकट प्रभावित इलाकों में सुबह के समय रोज आधा घंटा बिजली गुल रहती है इसके बाद भी मुश्किल से 10 फीसदी राहत मिल पाई, 90 फीसदी इलाकों में पानी का संकट अब भी बना हुआ है। नलों में पानी का प्रेशर ही नहीं आ रहा है। इसलिए लोगों की पेयजल व्यवस्था करने रोज किराए के पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है। नगर निगम ने सुबह नल खुलने के समय बिजली बंद करने का फार्मूला आजमाया पर उसका फायदा लोगों को नहीं मिल रहा। एक दो दिन में पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो वे वार्ड वासियों के साथ कलेक्टर के पास जाकर इसकी शिकायत करेंगे।

### भनपुरी में दो पानी टंकी फिर भी जलसंकट

जोन 1 क्षेत्र के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड में पेयजल समस्या से लोग त्रस्त हैं। भनपुरी में नगर निगम की दो पानी टंकी है, इसके बाद भी आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पानी का संकट बना है। बंजारी माता वार्ड के धनलक्ष्मी नगर, सेंधवारपारा, न्यू आनंद नगर, विजय नगर, बुनियाद पारा, केबिन पारा, रामेश्वर नगर में जलसंकट दूर करने रोज आधे घंटे बिजली बंद की जा रही है कभी कभी तो यहां 1 घंटे तक बिजली गुल हो रही है।

### तीन दिन बिजली गुल फिर भी असर नहीं

*वीर शिवाजी वार्ड पार्षद और जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू के मुताबिक खमतराई के शिवानंद नगर, ब्रम्हदेई पारा, साहू पारा इलाके में जल संकट बना हुआ है। इन इलाकों नल खुलने के समय शुरूआत में लगातार तीन दिनों तक सुबह के समय आधे घंटे तक बिजली बंद रहा। इसके बाद भी पानी की समस्या जस के तस है। इसलिए प्रभावित इलाके में पेयजल की व्यवस्था करने पानी टैंकर भेज रहे हैं। वार्ड पार्षद के मुताबिक वीर शिवाजी वार्ड के 3320 मकान में से 3000 मकान में टिल्लू पंप लगा हुआ है, जिसे निकालना आसान नहीं है। इसके साथ ही पानी की समस्या भक्त कर्मा माता वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में बनी हुई है। सांई सोसायटी, गणपत नगर, करन नगर, महादेव तालाब शासकीय स्कूल क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में पेयजल संकट दूर करने पानी टैंकर भेजा जा रहा है।*

# केएफसी में एसटीपी की व्यवस्था नहीं निगम ने किया सील





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के पचपेड़ी नाका स्थित केएफसी को गंदगी फैलाने और एसटीपी की व्यवस्था नहीं होने पर मंगलवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और जोन 10 की संयुक्त टीम ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर सीलबंद किया। इसी तरह देवपुरी के शराब भट्टी अहाता में गंदगी पाए जाने पर 1 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई।

टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 10 जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्ग निर्देशन में पचपेड़ी नाका क्षेत्र स्थित केएफसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां गंदगी पाए जाने और किचन का पाईप सीधे सार्वजनिक नाली मे जोड़े जाने की शिकायत सही पाई। इसके साथ ही केएफसी का कचरा और प्लास्टिक बाहर सार्वजनिक नाली में बहाने की शिकायत सही मिली। निगम द्वारा केएफसी को दी गई नोटिस का जवाब नहीं दिये जाने और एसटीपी की व्यवस्था नहीं किए जाने को लेकर संस्थान को नियम अनुसार सीलबंद करने की कार्रवाई स्थल पर की गई।

पेज 13 के शेष

### पुराने सैंपलों की रिपोर्ट...

इसके लिए अभिहित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। 27 से 29 मई तक वे फल मंडियों, थोक और चिल्हर व्यापारियों के पास जाकर फलों की क्वालिटी की जांच करेंगे। इस दौरान किसी तरह के फल खराब मिलते हैं तो उन्हें नष्ट कराया जाएगा और दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ का संदेह होता है, तो उसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

अफसरों का दावा अब तक मिलावट नहीं- इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अफसरों का दावा है कि राज्य में अब तक फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ अथवा उसे आकर्षक बनाने केमिकलों का गलत उपयोग किए जाने का मामला सामने नहीं आया है। आमतौर आम और केला को पकाने के लिए कार्बाइट पत्थर का उपयोग किए जाने की बात सामने आती है। व्यापारियों को ऐसा नहीं करने के लिए पहले ही सख्त हिदायत की दी गई है। वहीं व्यापारियों को यह भी ताकीद किया गया है कि फलों पर किसी तरह के स्टीकर लगाकर बिक्री नहीं की जाए।

**जांच के निर्देश** - टीम को तीन दिन मंडियों में जाकर फलों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान सड़े-गले फलों को नष्ट भी कराया जाएगा। विभाग आम लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मिले, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

-दीपक अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### पेट्रोल-डीजल महंगे...

सिंह राजपूत, सुमित ताम्रकार, सिकंदर सिंह, शोएब अली, राजेश देवांगन, ललित विश्वकर्मा एवं प्रदेश के सभी जिलों से आए बस संचालक शामिल थे।

### व्यावसायिक भवन, ...

इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बरती गई, तो संबंधित भवन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने रेडक्रास भवन में व्यावसायिक एवं अन्य मल्टी स्टोरी भवन प्रबंधकों के साथ बैठक लेकर दिए हैं।

### बैठक में ये अफसर...

रहे। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर के रजबंधा मैदान स्थित एक निजी काम्पलेक्स में भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी सहित अन्य लोग लिफ्ट के अंदर फंस गए थे। लगभग सभी 15 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे, जिन्हें सुरक्षा गार्ड की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि इस घटना के दौरान बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि लिफ्ट चलते हुए अचानक बंद हो गई थी। इस घटना के दौरान कोई भी तकनीकी सहायता टीम नहीं पहुंची थी। इससे काम्पलेक्स में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हुए थे।संभवतः इस घटना को अपने संज्ञान में लेकर कलेक्टर ने बैठक बुलाई थी, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### पार्किंग एवं सॉलिड ...

से बाहर निकालने का इंतजाम करने की व्यवस्था भवन मालिक को करना है। ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई संस्थानों द्वारा लिफ्ट प्रबंधन के लिए विशेष रूप से लोगों एवं दिव्यांगजनों को नियोजित किया गया है। इस प्रकार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

### भवनों में लिफ्ट...

स्पष्ट कहा कि किसी दुर्घटना की स्थिति में ऑपरेटर नहीं, बल्कि भवन स्वामी जवाबदेह होंगे।

# शराब की अवैध बिक्री, एक महिला सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित जिले में शराब की अवैध बिक्री जमकर हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत मंगलवार को भी अवैध शराब बिक्री के अलग-अलग प्रकरण में एक महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महिला सहित दो आरोपी टिकरापारा थाना क्षेत्र से पकड़े गए हैं, जिनके कब्जे से 60 पौवा देशी शराब जब्त की गई है, वहीं अन्य दो आरोपियों को आरंग के ग्राम अमेठी से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 116 पाव देशी शराब जब्त की गई है।



### आबकारी का छापा

इसी प्रकार आबकारी विभाग ने आरंग क्षेत्र के ग्राम अमेठी में दो जगहों पर छापा मारकर अवैध शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। इनमें एक चंद्रशेखर बंजारे के कब्जे से 74 पाव विदेशी व्हिस्की (जम्मू स्पेशल) एवं रितेश कुमार बांधे के कब्जे से 42 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया है। कार्रवाई टीम में एडीईओ टेक बहादुर कुर्रे, एएसआई नीलम स्वर्णकार, कांस्टेबल कृष्णकांत गढ़वाल, ऋत्विक खोबरागढ़े, राजेश कुमार, अमिताभ हमराह शामिल रहे।

### पुलिस ने दो जगह मारा छापा

टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने भाठापारा देवपुरी निवासी कल्याण सिंह जांगड़े 54 वर्ष के घर छापा मारा। इस दौरान उसके घर से 24 पौवा रोमियो एवं 14 पौवा शोले कुल 38 पौवा देशी शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 38 सौ रुपए है। इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में पानी टंकी के पास मठपुरैना निवासी हीना नेताम 25 वर्ष के ठिकाने पर दबिश दी गई। उसके घर से 14 पौवा शोले एवं 18 पौवा गोवा विस्की कुल 32 पौवा शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 3560 रुपए है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### विश्व रक्तदान दिवस पर लगेगा शिविर

**रायपुर।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में सोसायटी की सदस्यता एवं समाजसेवा गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस जरूरतमंदों की मदद का सशक्त माध्यम है, इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना जरूरी है। जून माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम, जुलाई में स्कूलों के जेआरसी विद्यार्थियों के लिए भव्य कार्यक्रम, प्रबंध समिति सदस्यों का प्राथमिक उपचार व सीपीआर प्रशिक्षण तथा विश्व रक्तदान दिवस पर जून में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने महापौर को सौंपा ज्ञापन



**रायुपर।** गड़रिया धनगर समाज की आराध्य लोकमाता अहिल्या देवी की 301वीं जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने रायपुर जिले में शराब दुकान, मांस-मटन दुकान बंद करने के लिए महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ छग प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु धनगर ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सर्व गड़रिया समाज महासंघ, सामाजिक संगठन प्रदेशाध्यक्ष अजय हंसा, जिलाध्यक्ष कपूरचंद धनगर, जिला उपाध्यक्ष सुरेश धनगर, जिला सचिव प्रकाश धनगर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पाल आदि उपस्थित थे।


## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मुर्रा, पटवारी हल्का नं. 02, राजस्व निरीक्षक मंडल धरसींवा-1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित भूमि खसरा नं. 200/1, रकबा 0.6400 हेक्टेयर में से लगभग 01 एकड़ 50 डिसमिल कृषि भूमि के संबंध में दिनांक 15/04/2026 को विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रोशन वर्मा पिता रामचंद्र वर्मा, निवासी ग्राम मुर्रा के नाम दर्ज है। संबंधित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरार नामा निष्पादित किया गया है। एवं शेष राशि का भुगतान बैनामे के निष्पादन के समय की जाएगी।

अतः उक्त भूमि/ संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार अथवा अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, ऋण, बंधक, अधिकार या विवाद हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित निम्न पते पर संपर्क कर अपनी दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः 25/05/2026

**श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा**
**अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9300681760**

## ।। आम सूचना ।।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फूड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरीक्षक मंडल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामी से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है-

1. भू-स्वामी - भूपत साहू पिता श्री बिसौहा साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 517 रकबा 0.090 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे पन्द्रह दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध व शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने

स्थानः सिमगा
दिनांकः 23.05.2026

**सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता**
**ऑफिस - उप पंजीयक कार्यालय परिसर सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**पिन नं. 493101**
**मो. नं. 9301307152, 8770903083**

## ।। आम सूचना ।।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विक्रेता-श्रीमती तारा गौतम पति श्री मनोज कुमार गौतम, निवासी-आई-10, विधानसभा, बरौदा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा-ग्राम-भुरकोनी, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं. -रायपुर-16 सारागांव, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. -13/9 का भाग रकबा 1921 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार/क्रेता-श्रीमती सुषमा देवी पति श्री धनंजय सिंह, निवासी-श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिये है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार से या उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए शासन, प्रशासन निगम इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावें बाद म्याद उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जायेगा, तथा बाद म्याद प्रस्तुत की गयी आपत्ति, उजर या दावा झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी, एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-26/05/2026

**भवदीय**
**अपूर्व कुमार सेन अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.), पताः- काली मंदिर रामेश्वर नगर भनपुरी, रायपुर छ.ग., मो.नं. 98932-17914**

## सार्वजनिक सूचना

**(आम जनता एवं संभावित क्रेताओं हेतु चेतावनी)**

संपत्ति का विवरणः- वाणिज्यिक परिसर/दुकान, स्थित मुख्य सराफा, हलवाई लाइन, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.), जहाँ वर्तमान में "श्री गोपाल जौहरी ज्वेलर्स" संचालित है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल श्री ललित पटवा (पुत्र श्री हुकमचंद पटवा, निवासी टैगोर नगर, रायपुर) के पूर्ण, अनन्य एवं निर्बाध स्वामित्व की पैतृक संपदा है। इस परिसर के एक अंश पर श्री जौहरी शर्मा व उनके पुत्रों को दशकों पूर्व हमारे मुवक्किल के पूर्वजों द्वारा केवल निःशुल्क एवं किराया-रहित (Gratuitous Licensee) उपयोग की अनुमति दी गई थी। उनका इस संपत्ति पर कोई स्वामित्व, स्वत्व, हित अथवा अंतरण का अधिकार निहित नहीं है।

मेरे मुवक्किल के संज्ञान में आया है कि उक्त कब्जेदार कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को मालिक दर्शाते हुए तृतीय पक्षकारों के साथ इस संपत्ति का अवैध सौदा/विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। इस धोखाधड़ी के विरुद्ध दिनांक 25.11.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सिविल लाइन, रायपुर में औपचारिक परिवाद दर्ज कराया जा चुका है जो विचाराधीन है।

अतः आम जनता, संभावित क्रेताओं, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को सावधान किया जाता है कि वे श्री जौहरी शर्मा, उनके पुत्रों या "श्री गोपाल जौहरी ज्वेलर्स" अथवा उनके किसी प्रतिनिधि एवं उनसे संबंधित अथवा असंबंधित अन्य व्यक्ति या संस्था से इस संपत्ति के संबंध में कोई भी क्रय-विक्रय (बैनामा), करार, पट्टा, बंधक या आर्थिक लेन-देन न करें। उनके द्वारा निष्पादित कोई भी दस्तावेज विधिक रूप से शून्य (Void ab initio) होगा।

यदि कोई व्यक्ति/संस्था इस सूचना की अवहेलना कर कोई व्यवहार करता है, तो वह पूर्णतः अपने सिविल व आपराधिक जोखिम पर करेगा। मेरे मुवक्किल किसी भी आर्थिक क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे तथा अवैध लेन-देन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 316, 318(4), 336, 338 एवं 340 के अधीन सख्त कानूनी कार्यवाही एवं सिविल वाद संस्थित की जाएगी।

Place - Raipur CG
Date - 25/05/2026

**Raja Sharma Advocate**
**20, Neel Basant, Ravi Nagar**
**Postal Beat 4 Raipur C.G**
**Mobile 7000654781**
**email advrajasharma@gmail.com**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर

## आम सूचना

जारी दिनांक 26/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/आवेदिका रिंकू पिता स्वनीत पसारी, सा. दलदल सिवनी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 36/3, 36/4, 37/4 रकबा 0.0281 हे., 0.0255 हे., 0.0956 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति. तहसीलदार/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 30/04/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 09/06/2026 को समय 11:30 AM बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर-20**
**तहसील - रायपुर**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गजानंद साहू पिता स्व. श्री भुवन लाल साहू निवासी उरकुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 138/1, 139/1-2, रकबा 0.241 हे. अर्थात 25940 वर्गफुट भूमि जो मौजा उरकुरा प.ह.नं. 108/38, रा.नि.मं.-रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जो मेरे पक्षकार की पैतृक भूमि है जिस पर वह दाखिल व काबिज होकर उक्त भूमि पर मकान व दुकान में निवासरत है।उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्री अनूप गिदवानी पिता श्री नवल राय गिदवानी, निवासी जलविहार कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का नाम दर्ज है किन्तु उक्त भूमि पर पूर्वज काल से कब्जा मेरे पक्षकार एवं उसके परिवार का ही चला आ रहा है। जिसका प्रकरण माननीय व्यवहार न्यायालय रायपुर के समक्ष लंबित है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि विवादित है। इसके बाद भी अनूप गिदवानी उक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। उक्त भूमि के पेटे अनूप गिदवानी ने मेरे पक्षकार से प्रतिफल राशि भी प्राप्त कर चुका है और मेरे पक्षकार के पक्ष में बयनामा का पंजीयन एवं निष्पादन नहीं कर रहा है।

यह कि उपरोक्त विवादित भूमि को कोई भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि अनूप गिदवानी से क्रय करने का सौदा न करें यदि ऐसा करते हैं तो क्रय करने वाले व्यक्ति को उक्त आधिपत्य एवं कब्जा प्राप्त नहीं होगा और उसे अनावश्यक विवाद का सामना करना पड़ेगा। सो सूचना जाने।

स्थानः रायपुर
दिनांकः 26.05.2026

**भवदीय**
**ओ.पी. देवांगन, अधिवक्ता**
**पता- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक-29 दुर्गा चौक, गाजी नगर बीरगांव रायपुर छ.ग., मो.- 83494 42999**













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ईद की छुट्टी 28 को, मुस्लिम समाज ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्ष 2026 के अवकाश कैलेंडर में आंशिक संशोधन किया है। ईद-उल-जुहा (बकरीद) के लिए पहले घोषित 27 मई के स्थान पर अब 28 मई को राज्य में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया। जिसके लिए मुस्लिम समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में ईद-उल-अजहा के लिए 27 मई को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया था। उर्दू कैलेंडर के अनुसार ईद-उल-अजहा का त्योहार 28 मई को पूरे देश में मनाया जाएगा। इसके लिए मुस्लिम समाज ने राज्य शासन को पत्र जारी कर पूर्व में 27 मई को घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश को निरस्त कर उसके स्थान पर 28 मई को ईद-उल-अजहा के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने निवेदन किया। इस निवेदन पर राज्य शासन ने 28 मई को ईद-उल-अजहा के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### पीईटी व एमएससी नर्सिंग के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री इंजीनियिरिंग टेस्ट व एमएससी नर्सिंग के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। व्यापम ने दोनों प्रवेश परीक्षाएं 14 मई को आयोजित की थी। जारी किए गए मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति एक जून तक मंगाई गई है। मॉडल आंसर सहित इससे संबंधित दिशा-निर्देश व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### सिविल सर्विसेस परीक्षा कोचिंग के लिए हज कमेटी ने मंगाए ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सर्विसेस परीक्षा-2027 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए, हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में संचालित कोचिंग एवं गाइडेंस सेल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु हज कमेटी ऑफ इंडिया ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन एवं अर्हताओं का संपूर्ण विवरण हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में, यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सर्विसेस परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कोचिंग एवं गाइडेंस सेल का संचालन किया जाता है। अर्हता पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का इंट्रेंस टेस्ट 28 जून को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा रायपुर में आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी से संपर्क कर सकते हैं।

### झीरम घाटी के शहीदों की 13वीं बरसी पर डीके अस्पताल में भंडारा



**रायपुर।** झीरम घाटी शहादत दिवस की 13वीं बरसी पर 'प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ' ने डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, झीरम घाटी की घटना नक्सलियों की कायरता का परिचय है। हम सभी शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर देश, प्रदेश व जनता के हित में कार्य करेंगे। वहीं शहीदों की कुर्बानी से बस्तर में शांति तो लौटी, पर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता अब भी बेनकाब होने बाकी हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि जनता इस राजनीतिक हत्याकांड के मास्टरमाइंड का सच जानना चाहती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष करण राज, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण सेन, शहर जिला कांग्रेस महासचिव जावेद नकवी, शाहिद अशरफी, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, हितेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नए मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कवायद, 64 एसोसिएट प्रोफेसर की पदोन्नति के लिए डीपीसी

**प्राध्यापक बनाए जाएंगे, 2021 के बाद नहीं मिला था प्रमोशन, सूची का इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में सेवा देने वाले डाक्टर अब प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत किए जाएंगे। सूची में शामिल 64 सह- प्राध्यापकों की भर्ती के लिए सीजीपीएससी में बैठक हुई। चर्चा पूर्ण होने के बाद जल्दी ही पदोन्नत चिकित्सकों की सूची जारी की जाएगी। वर्ष 2021 के बाद अब पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके खुलने वाले नए मेडिकल कालेजों में एनएमसी के मापदंड के अनुसार फैकल्टी की व्यवस्था की कवायद बताई जा रही है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के मेडिकल कालेजों में कार्यरत चिकित्सकों को काफी समय से अपनी पदोन्नति का इंतजार है। प्रोबेशन पीरियड खत्म होने के बाद भी वे पुराने पदों पर ही कार्यरत हैं। राज्य आगामी शिक्षण सत्र के दौरान पांच नए मेडिकल कालेज खोलने की तैयारी है। इसके लिए एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति करनी होगी। विभाग पहले ही चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है और इसकी एक वजह लंबे समय से पदोन्नति नहीं होना था। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योग्य डाक्टरों की सूची तैयार कर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की गई। मंगलवार को सीजीपीएससी के कार्यालय में डीपीसी हुई। इसमें 64 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक बनाने विचार किया गया। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही पदोन्नति का लाभ पाने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक प्रोफेसर बनाए जान वाले कई डाक्टरों की नियुक्ति जरूरतों के हिसाब से नए और ऐसे पुराने मेडिकल कालेजों में किया जाएगा जहां एनएमसी की कार्रवाई का खतरा बना हुआ है। इस पदोन्नति के बाद सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे।




Demo Pic

**बढ़ेगी ढाई सौ सीट**

*खुलने वाले पांच नए मेडिकल कालेज से प्रदेश में एमबीबीएस की ढाई सौ सीटे बढ़ जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। नए कालेजों को संसाधन युक्त बनाने के लिए नजदीकी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को जिम्मेदारी दी गई। नए कालेजों के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए प्रभारी डीन की नियुक्ति की जा चुकी है।*

**संविदा भर्ती बड़ी चुनौती**

*इन कालेजों में 175 पदों डाक्टरों की नियुक्ति के लिए संविदा भर्ती की प्रक्रिया बड़ी चुनौती बनी हुई है। नए कालेज ऊपर से संविदा भर्ती की वजह से युवा डाक्टर इसमें खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पहले दौर में हुई साक्षात्कार में बेहद कम संख्या में लोग शामिल हुए है। इसकी दूसरी बड़ी वजह कम वेतन को भी बताया गया है। संविदा भर्ती की प्रक्रिया समय-समय पर पूरी की जाएगी।*

### 90 दिनों के भीतर करना होगा आवेदन, आश्रितों को भी मिलेगी सहायता

# 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान' 1 से 5 माह तक जेल में रहने वालों को 8 से 25 हजार तक मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को उनकी जेल में रहने की अवधि के हिसाब से मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। एक माह से लेकर पांच माह तक जेल में रहने वालों को 8 हजार से लेकर 25 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस संबंध में नियम बनाया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 'छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम, 2026' बनाया है, जिससे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों को मिलने वाली सम्मान राशि, आश्रितों के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और नियमबद्ध बना दिया गया है। यह नई व्यवस्था राज्यभर में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

**निरुद्ध अवधि के आधार पर सम्मान राशि**

*नए नियमों के तहत, लोकतंत्र सेनानियों को जेल या पुलिस थाने में बिताई गई वास्तविक निरुद्ध अवधि के आधार पर मासिक सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। 1 माह से कम या उसके बराबर अवधि पर 8 हजार रुपये प्रति माह। 1 माह से अधिक किन्तु 5 माह से कम की अवधि के लिए 15 हजार रुपये प्रति माह। 5 माह या उससे अधिक की अवधि के लिए 25 हजार रुपये प्रति माह देने का प्रावधान नियम के तहत किया गया है।*

**आश्रितों के लिए विशेष प्रावधान**

राज्य सरकार ने दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों के हितों का भी ध्यान रखा है। यदि लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके पति या पत्नी को निर्धारित मासिक सम्मान राशि की आधी (50 प्रतिशत) राशि आजीवन प्रदान की जाएगी। सेनानी के निधन पर उनके परिवार के मुखिया को अंत्येष्टि हेतु 25 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित द्वितीय श्रेणी का एक अधिकारी उपस्थिति सुनिश्चित करेगा। लोकतंत्र सेनानी और उनके जीवनसाथी को राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।



**आवेदन की प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेज**

*सम्मान राशि का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा और प्रक्रिया का पालन करना होगा। पात्र व्यक्तियों को 'प्ररूप-एक' में जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जेल अधीक्षक या जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निरुद्ध रहने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इन नियमों के प्रकाशन (22 मई 2026) की तारीख से 90 दिनों के भीतर आवेदन देना आवश्यक है।*

**आवेदन का परीक्षण और पारदर्शिता**

*सरकार ने आवेदनों की जांच के लिए एक त्रि-स्तरीय पुख्ता व्यवस्था की है। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला मजिस्ट्रेट (सदस्य सचिव), पुलिस अधीक्षक और जेल अधीक्षक शामिल होंगे। समिति द्वारा पात्रता सुनिश्चित होने के बाद, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एक विशिष्ट लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि पात्रता कार्ड जारी किया जाएगा। पूर्व में 'लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि नियम, 2008' के तहत जिन आवेदनों पर निर्णय हो चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लंबित प्रकरणों का निराकरण अब इन्हीं नए नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। यह सम्मान राशि जिला मजिस्ट्रेट या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अंतिम स्वीकृति आदेश जारी किए जाने की तिथि से देय होगी।*

# विश्रामपुर में कांग्रेस ने दिखाई एकता, बैज टीएस सहित बड़े नेताओं ने दिखाई एकजुटता

- *आपसी खींचतान छोड़ संगठन की मजबूती पर दिया जा रहा जोर*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बाद विश्रामपुर में कांग्रेस ने एकजुटता दिखाई। यहां पर टीएस सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद रहे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व सीमए भूपेश बघेल सहित अन्य बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। यहां पर कांग्रेस संगठन ने एकजुटता दिखाई। यहां पर दीपक बैज ने टीएस के पैर भी छुए। ऐसा माना जा रहा है कि सभी नेता संगठन को मजबूत करने अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनंदनपुर इलाके में चुनावी चर्चा के दौरान हुए विवाद के बाद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 1 जून को चुनाव होना है। ऐसे में कांग्रेस ने यहां पर धरना प्रदर्शन कर पूरे मामले को दिलचस्प बना दिया है। दीपक बैज में ऐलान कर दिया कि अब नगर पंचायत चुनाव का संचालन कांग्रेस थाना परिसर से ही करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तमाम कांग्रेसजनों के साथ थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस घटनाक्रम को लेकर अब स्थानीय प्रशासन पर दबाव बना है। कांग्रेस मामले को वापस लेने की मांग कर रही है।

**बयानों से आपसी खींचतान को हवा**

*उल्लेखनीय है कि दीपक बैज पिछले साढ़े तीन साल से अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। उन्होंने सभी नेताओं को साथ लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ कई प्रदर्शन और पदयात्रा किया है। उनका कार्यकाल जुलाई तक पूरा होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष की ताजपोशी हो सकती है। कांग्रेस में इस पद को लेकर कई नेता दावा कर रहे हैं। ऐसे में बयानबाजी का दौर चलने से आपसी खींचतान को हवा मिल रही है।*

**संगठन को मजबूत बनाने पर जोर**

*कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं के बयान पर भूपेश बघेल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। माना जा रहा है कि बड़े नेता इस मामले को तूल देने के बजाय संगठन की मजबूती पर जोर दे रहे हैं। राज्य में विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनाव में हार के बाद अध्यक्ष पर ठिकरा फोड़ने के प्रयास हुए, पर कांग्रेस संगठन ने कार्यकारिणी और अन्य नियुक्तियों के जरिए मजबूती पर बल दिया। जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और कार्यकारिणी के बाद अब प्रदेश महिला और युवा संगठन को मजबूत किया जा रहा है। सभी नेताओं की सिफारिशों के आधार पर काम करने वाले युवाओं को संगठन में रखा जा रहा है।*

### सुबह छाए बादल पर नहीं बदले गर्मी के तेवर, राजधानी का पारा 44 पार



*3 दिन और हलाकान करेगी गर्मी, 29 से बदल सकता है मौसम*

**रायपुर।** भारी गर्मी के बीच सुबह-सुबह राजधानी समेत प्रदेश के कुछ एक हिस्सों में बादल छाए रहे। इससे कड़ी धूप का प्रभाव तो नहीं रहा, मगर गर्मी के तेवर में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ। राजधानी का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार रहा। अनुमान है कि तीन दिन गर्मी और हलाकान करेगी। 29 से प्रदेश के मौसम में बदलाव होने के आसार बन रहे हैं।

गर्मी ने इस बार ऐसा असर दिखाया है कि कूलिंग के मामले में एसी-कूलर भी ठंडे पड़ गए हैं। दोपहर होने के बाद वातावरण में आग बरसने जैसी स्थिति बन रही है। नवतपा के दूसरे दिन भी गर्मी ने अपना कहर बरपाया और दोपहर होने के बाद ग्रीष्मलहर की स्थिति बन गई। इसके पहले सोम-मंगल की दरम्यानी रात भी सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा गर्मी के बीच बीता। वर्तमान में धूप इतनी तेज है कि उसके प्रभाव से तपने वाली जमीन रात होने के बाद भी पूरी तरह ठंडी नहीं हो पा रही है। मंगलवार को राजनांदगांव का सर्वाधिक तापमान 45.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं दुर्ग 44.7 माना 44.6, रायपुर और बिलासपुर 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तीन दिन तक गर्मी से किसी प्रकार की बड़ी राहत मिलने की संभावना है। इसके बाद प्रदेश में आने वाली बंगाल की खाड़ी की नमीयुक्त हवा से मौसम के मिजाज में बदलाव आ सकता है।

# कॉलेज एक और अंकसूची में ग्रेड अलग-अलग, भड़के छात्र पहुंचे रविवि

### समय-सारिणी में लगातार बदलाव सहित कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा समय-सारिणी में लगातार हो रहे बदलाव सहित अन्य समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने मंगलवार को अपना विरोध दर्ज कराया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों की भावनाओं, हितों एवं सांस्कृतिक मान्यताओं की अनदेखी कर रहा है, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी प्रत्येक सप्ताह बदली जा रही है। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि समस्त मामलों की निष्पक्ष जांच कर जल्द आवश्यक निर्णय लिए जाएं तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सचिव कुणाल दुबे, जिला महासचिव संस्कार पांडेय, अनुज शुक्ला, आशीष बाजपाई, मोहम्मद जिशन, अनिकेत महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की उपेक्षा**

*हरिशंकर शुक्ल महाविद्यालय के विद्यार्थियों के परिणामों में नैक ग्रेड संबंधी गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। छात्रों को प्रदान की जाने वाली अंकसूची में नैक द्वारा प्रदत्त ग्रेडिंग का जिक्र होता है। हरिशंकर शुक्ल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को जो डिग्रियां बांटी गई हैं, उनमें अलग-अलग ग्रेड प्रदर्शित है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकपर्व 'छेरछेरा' के दिन भी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका एनएसयूआई ने विरोध किया था। इसके बावजूद अब पुनः ईद-उल-अजहा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व के दिन परीक्षा आयोजित कर विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की उपेक्षा कर रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर वायरल कथित पेपर लीक ऑडियो एवं कॉल रिकॉर्डिंग को लेकर भी छात्रों के बीच भय और अविश्वास का माहौल बना हुआ है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि अब तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट और सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है।*

### सोनिया के खिलाफ टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी

# मौदहापारा थाने का किया घेराव



*सोशल मीडिया में भाजपा कार्यकर्ता ने की अनर्गल टिप्पणी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के ख़िलाफ़ सोशल मीडिया में अनर्गल टिप्पणी कर अपमानित करने के आरोप में मौदहा पारा थाने का घेराव किया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने यह प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने अर्नगल पोस्ट डालने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता सौरभ बावरिया ने अपने फेसबुक अकाउंट में सोनिया के बारे में आपत्तिजनक फोटो डालकर महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा हमेशा से महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाते, इसलिए उन्होंने कभी किसी महिला को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया। आरएसएस में भी महिलाओं को सम्मान जनक पद 100 साल में नहीं दिया। यही सोच बीजेपी कार्यकर्ताओं के मानसिकता में आ गई है और वो माताओं-बहनो को सम्मान की नजर से नहीं देख सकते। बीजेपी के मंत्री रिजिजू, असम के हेमंत विश्वशर्मा और बंगाल के अग्निमित्रा पॉल सभी लोग गौ माता के भक्षण के विभिन्न तरीके बता रहे जो निंदनीय है।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दूबे, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, मोहम्मद असलम, रितेश त्रिपाठी, अनवर हुसैन, सुरजीत सिंह, शेखर साहू, सुषमा यादव, प्रीति सोनी, ओम श्रीवास, विनोद ठाकुर, सुयश शर्मा, किशन बजारी, सचिन अग्रवाल, प्रवीण चंद्रकर, सुरेश बाफना, राज देवांगन, सत्तू सिंह, दीपक चौबे, पवन प्रधान, नागेंद्र तिवारी, कामत साहू, राधे नायक, माधव चुरा, हेमू डेकाटे, मनोज वैष्णव, सुरेश बुधवानी, प्रवेश लखवानी, मुकेश कुकरेजा, रघुवीर बादल आदि मौजूद थे।

### डॉ. आंबेडकर, महर्षि वाल्मीकि वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में होंगे नए विकास कार्य

# महापौर ने 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को जोन 9 क्षेत्र के डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि वाल्मिकी वार्ड और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, खेमकुमार सेन, पार्षद प्रभा विश्वकर्मा, मोहन साहू इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। महापौर ने मोवा से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग में नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था देने, तालाब में ब्रिज निर्माण, आंगनबाड़ी भवन बनाने वार्ड 11 में दो स्थानों पर नाली निर्माण और एक स्थान पर जीआई पाइप डालने का कार्य करने भूमिपूजन किया। इसके साथ ही विजय नगर, अवंति वहिर क्षेत्र में गंदे पानी के निकास के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक ने यहां केवल भूमिपूजन किया, कहीं भी विकास कार्य पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं कराया। महापौर ने जोन 9 कमिश्नर को मंच से निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर लें कि जोन 9 क्षेत्र में कहीं भी अवैध प्लाटिंग, अवैध कालोनी और अवैध निर्माण नहीं हो। यदि ऐसा होवे तो तत्काल उस पर विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही करते हुए उसे हटा दिया जाए।



**नए स्ट्रीट लाइट लगेंगे**

मीनल चौबे ने कहा कि मोवा से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग में अंधेरा दूर करने 71 लाख की लागत से नई स्ट्रीट लाइटें लगावाने का काम रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के नेतृत्व में नगर निगम रायपुर क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए किया गया है। महापौर ने वार्ड पार्षद मोहन साहू की सक्रियता की सराहना की। कार्यक्रम में जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सामजिक कार्यकर्ता रविंद्र सिंह ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





02 पर्यावरण दिवस में मत रोपिए पौधे...

## लाइव इवेंट

# ऑनलाइन कोर्स में डेटा प्री-प्रोसेसिंग, प्रेडिक्टिव एनॉलिसिस, मशीन लर्निंग-विजुअलाइजेशन की पढ़ाई



### ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का छठवां वर्ष

विभागाध्यक्ष डॉ. संजय ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले पांच वर्षों से सीईसी के अंतर्गत सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है तथा इस वर्ष इसका छठवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इसे सीईसी के सबसे सफल एवं प्रभावशाली कार्यक्रमों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि प्रतिभागियों को मूलभूत अवधारणाओं के साथ व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त हो सके।

**रायपुर।** एनआईटी में एप्लाइड डेटा एनॉलिटिक्सः ए प्रैक्टिकल अप्रोच पर केंद्रित 15 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत हुई है। यह ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कन्टिन्यूइंग एजुकेशन सेल द्वारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को डेटा एनॉलिटिक्स की ठोस सैद्धांतिक समझ के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मृदु साहू ने इससे सम्बंधित जानकारी साझा की और बताया कि इस वर्ष देशभर से लगभग 120 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम हेतु पंजीकरण किया है। इन प्रतिभागियों में कला, वाणिज्य क्षेत्र के अलावा पहली बार चिकित्सा और कृषि छात्रों ने भी पंजीकरण किया है। इस 15 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, अतिथि अध्यक्ष कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल डॉ. सुभोजित घोष, विभागाध्यक्ष सूचना प्रौद्योगिकी विभाग डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अन्य संकाय सदस्य एवं प्रतिभागी भी उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वयन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. गोविंद पी. गुप्ता एवं डॉ. मृदु साहू द्वारा किया गया। कोर्स के उद्घाटन सत्र का समापन प्रतिभागियों के साथ चर्चा एवं औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### डेटा साइंस एवं डेटा एनॉलिटिक्स का महत्व बढ़ा

डॉ. राव ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संपूर्ण आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेटा साइंस एवं डेटा एनॉलिटिक्स का महत्व लगातार बढ़ रहा है तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभिभागियों को डेटा प्री-प्रोसेसिंग, प्रेडिक्टिव एनॉलिसिस, मशीन लर्निंग एवं डेटा विजुअलाइजेशन जैसी आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए डेटा साइंस और एनॉलिटिक्स के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगा।

## सिटी इवेंट

# 162 शिक्षार्थियों ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश, मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा



**रायपुर।** राष्ट्र सेविका समिति, छत्तीसगढ़ प्रांत का 15 दिवसीय प्रवेश एवं प्रबोध शिक्षा वर्ग 13 मई से सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में संचालित हो रहा है। इस आवासीय वर्ग में 162 शिक्षार्थी शारीरिक, बौद्धिक और आत्मिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। समिति के अनुसार, स्त्री ही समाज की आधारशिला है। उसके अनुशासित, सुसंस्कृत, राष्ट्रभक्त और चरित्रवान होने से ही एक समर्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। इसी उद्देश्य से देशभर में ऐसे शिविर लगाए जाते हैं। भारत की गौरवशाली संस्कृति और संगठित समाज की शक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार, 26 मई को इन 162 शिक्षार्थियों और सेविकाओं ने राष्ट्रभाव से ओतप्रोत एक भव्य पथ संचलन किया। पूर्ण गणवेश में सेविकाओं ने भगवा ध्वज के साथ अनुशासित कदमताल कर राष्ट्रभक्ति का प्रेरणादायी स्वरूप प्रस्तुत किया। अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम के सानिध्य में शाम 5.30 बजे हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड से शुरू हुआ। यह संचलन लाखेनगर चौक, पुरानी बस्ती, लिली चौक, कंकाली तालाब, ब्राह्मण पारा, सदर बाजार और सिटी कोतवाली होते हुए नेताजी सुभाष स्टेडियम पहुंचा। पूरे मार्ग में शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। वर्ग अधिकारी अलका संत और मधु वाजपेई ने बताया कि 28 मई की शाम कृष्णा पब्लिक स्कूल (सरोना) में इस वर्ग का समापन समारोह आयोजित होगा। इसमें शिक्षार्थियों द्वारा आत्मरक्षा, शारीरिक कौशल और घोष का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम का विशेष बौद्धिक उद्बोधन भी होगा।



## कोचिंग क्लासेस व वाट्स एप ग्रुप से विशेषज्ञ शिक्षक परीक्षार्थियों को फिर से कर रहे रीचार्ज

# री-नीट एग्जाम में सफल होने मॉक टेस्ट डिस्कशन से खुद को तैयार कर रहे स्टूडेंट्स, एक्सपर्ट बढ़ा रहे उनका हौसला

> री-नीट परीक्षा में सफलता के लिए मॉक टेस्ट केवल अभ्यास नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स की कमियों को सुधारने का सबसे बेहतर माध्यम है। यह परीक्षार्थियों को वास्तविक परीक्षा का माहौल, समय प्रबंधन और कठिन प्रश्नों से निपटने का सही तरीका सिखाता है। चूंकि अब री-नीट एग्जाम के लिए थ्योरी रिवीजन का समय नहीं है, ऐसे में हम परीक्षार्थियों को क्लास में मॉक टेस्ट डिस्कशन से सटीक तैयारी करा रहे हैं।





**रायपुर।** जो स्टूडेंट्स कोचिंग क्लासेस अब नहीं आ रहे हैं, उनसे वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से जुड़कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। ये कहना है शहर के जाने-माने एसयू एजुकेशन के डायरेक्टर व एक्सपर्ट टीचर सुनील मल्ल का। उन्होंने बताया कि दोबारा एग्जाम देने को लेकर परीक्षार्थियों में भारी मानसिक दबाव देखने को मिला है। मेरी कोचिंग क्लास में 130 स्टूडेंट्स ने तैयारी की थी, जो परीक्षा देने के बाद सफल होने विश्वस्त थे, अब उनमें से री-नीट एग्जाम की तैयारी के लिए 50 प्रतिशत स्टूडेंट्स ही पहुंच रहे हैं। ऐसे में वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से बाकी के स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाकर परीक्षा देने और खुद की मेहनत पर भरोसा रखने का सुझाव दे रहे हैं। ऐसे में शहर के स्टूडेंट्स फिर से नीट परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं।



### 11वीं कक्षा से कर रहीं परीक्षा की तैयारी

री-नीट की तैयारी कर रहीं जिया सुराना ने बताया कि वे 11वीं कक्षा से नीट परीक्षा की तैयारी करती आ रही हैं। नीट का हाल ही का पर्चा अच्छा गया था। अब री-नीट एग्जाम देना पड़ रहा है। ऐसे में री-एग्जाम है तो परीक्षा टफ होने की संभावना देखते हुए कोचिंग क्लास में मॉक टेस्ट के माध्यम से तैयारी कर रही हूं। कोचिंग क्लासेस के विशेषज्ञ टीचर इस परिस्थिति में बिना मानसिक दबाव के साथ बेहतर प्रदर्शन के टिप्स बता रहे हैं।

### 21 जून से री-नीट परीक्षा

एनटीए द्वारा रद्द की गई नीट यूजी परीक्षा का दोबारा आयोजन अब 21 जून को किया जाएगा। 3 मई को हुई परीक्षा में पेपर लीक होने की घटना के बाद इसे रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद से विद्यार्थियों को नई तारीख का इंतजार था। री-नीट परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगा।



### पिछली परीक्षा में हुई गलतियों को दूर करा रहे

शहर के जाने-माने नीट एजुकेटर एक्सपर्ट धीरेंद्र सिंह ने बताया कि री-नीट एग्जाम में भाग ले रहे स्टूडेंट्स को कोचिंग क्लास में लगातार टेस्ट के माध्यम से तैयार कर रहे हैं। मेरी क्लास में 80 परीक्षार्थियों ने नीट की तैयारी की थी। अभी 50 स्टूडेंट्स ही री-नीट की तैयारी करने क्लास में पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे स्टूडेंट्स को हर परीक्षा के लिए स्वयं को तैयार रहने सीख दे रहे हैं। साथ ही परीक्षा हॉल में समय का ध्यान रखने और विषयवार टॉपिक्स पर फोकस करना बता रहे हैं। वहीं समय प्रबंधन में जीव विज्ञान के लिए 40-45 मिनट, रसायन विज्ञान 45-50 मिनट, भौतिकी के लिए 60 मिनट तक का समय निर्धारित करने बता रहे। कोचिंग में टेस्ट का समय और पैटर्न फॉलो करा रहे। पिछली परीक्षा में हुई गलतियों को दूर करा रहे हैं।

## विज्ञान के बीच आदिवासी कला का आकर्षण

**रायपुर।** सड्डू स्थित विज्ञान केंद्र में उकेरी गई आदिवासी कलाकृतियां लोगों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति से जोड़ रही हैं। यहां आने वाले दर्शक विज्ञान की रोचक जानकारियों के साथ-साथ प्रदेश की मनमोहक लोक-संस्कृति से भी रूबरू हो रहे हैं।







## संगीत के विद्यार्थियों को कलागुरु करा रहे ऑनलाइन रियाज

**रायपुर।** कमालदेवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन ऑनलाइन कला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। भीषण गर्मी के बीच जहां अधिकांश विद्यार्थी अपने-अपने गृहनगर में ग्रीष्मकालीन अवकाश व्यतीत कर रहे हैं, वहीं विद्यार्थियों को संगीत साधना, स्वर संवर्धन तथा अध्ययन के प्रति निरंतर प्रेरित बनाए रखने के उद्देश्य से ऑनलाइन गूगल मीट संगीत कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस ऑनलाइन सत्र में गायन के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। संगीत गुरु दीपक बेडेकर ने बताया कि कार्यशाला में आवाज की देखभाल, सही रियाज और संगीत अभ्यास की आवश्यक बातें विषय पर विस्तृत चर्चा की जा रही हैं। विद्यार्थियों को सही वार्मअप, श्वास नियंत्रण, सुर साधना, श्रुति अभ्यास, सही मुद्रा, दैनिक रियाज योजना, रिकॉर्डिंग द्वारा स्वयं का मूल्यांकन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित अनेक ज्ञानवर्धक सुझाव दिए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश केवल विश्राम का समय नहीं, बल्कि आत्मविकास, नियमित रियाज और संगीत विषय की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का एक महत्वपूर्ण अवसर है। घर पर उपलब्ध समय का सदुपयोग कर विद्यार्थी अपने विषय का गहन अध्ययन, श्रवण अभ्यास तथा संगीत संबंधी ज्ञान को और अधिक समृद्ध कर सकते हैं।



## कार्नर न्यूज

## आकार कला प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में रमे दिखे

# क्ले आर्ट्स में होम डेकोरेशन, चित्रकारी में रंगों का जादू और बोनसाई में प्रकृति को सहेजते दिखे प्रशिक्षु

**रायपुर।** आकार कला प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागी अपनी-अपनी रुचि की विधाओं में रमे हुए नजर आए। मंगलवार को शिविर में क्ले आर्ट्स की कलागुरु अलका हनावत ने प्रशिक्षुओं को क्ले अलग-अलग आकृतियों में ढालकर सजावटी और उपयोगी चीजें बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि वे 25 साल से क्ले आर्ट से जुड़ी हुई हैं और इंदौर से प्रोफेशनल कोर्स किया है। आकार शिविर में प्रशिक्षुओं को क्ले से मूर्तियां, गहने, छोटे खिलौने, फूलपॉट, पेन स्टैंड और होम डेकोर की चीजें बनाना सिखा रही हैं। क्ले आर्ट्स को लेकर प्रशिक्षुओं में काफी उत्साह व लगन है। वहीं मूर्तिकार राकेश तिवारी प्रशिक्षुओं को मूर्तिकला विधा में पारंगत बना रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि वे हर साल आकार शिविर में प्रशिक्षुओं को गणेशजी, दुर्गाजी की मूर्तियां बनाना सिखाते हैं। इसके अलावा बोनसाई आर्ट्स, चित्रकारी, एम्ब्रॉयडरी आर्ट्स जैसे विधाओं के स्टॉल पर प्रशिक्षु पूरे मन के साथ कलागुरुओं के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखारने में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि संस्कृति विभाग द्वारा हर साल आकार शिविर शहर के कलासाधकों, स्कूली बच्चों के लिए खासतौर पर लगाया जाता है, जहां वे गर्मी के छुट्टियों में 15 दिनों तक स्वयं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का अवसर प्राप्त करते हैं। प्रदेशभर से 16 कला-विधाओं में पारंगत कलागुरुओं द्वारा हुनर तराशने का कार्य किया जा रहा है।





### प्रतिभा को निखारने बड़ा मंच

महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में दो पालियों में सुबह 7 से 10 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 8 बजे तक लगाए जा रहे इस शिविर में स्कूली बच्चों सहित कॉलेज के छात्र-छात्राओं, युवा एवं बुजुर्ग हर वर्ग के कलासाधकों के लिए प्रतिभा को निखारने बड़ा मंच मिल रहा है। प्रशिक्षु फाइन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी एवं ट्रॉयबल वुडन आर्ट, भरथरी गाथा, नाचा एवं लोकनृत्य-गीत, आदिवासी नृत्य एवं गीत, सेंड आर्ट, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर, ढोकरा शिल्प, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण एवं मेकिंग, टेराकोटा एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन आदि विधाओं में ख्यातिप्राप्त, पारंगत कलागुरुओं से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### भरथरी शैली में गणेश वंदना का अनूठा प्रदर्शन

शिविर में भरथरी गायन शैली का प्रशिक्षण दे रहीं कलागुरु प्रांजल सिंह राजपूत ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने कला प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराया है। इसमें भरथरी सीखने प्रशिक्षुओं में जबर्दस्त उत्साह है। प्रशिक्षुओं को सर्वप्रथम सुमरनी भरथरी शैली सिखा रही हैं। शुरुआत में सबसे पहले गणेश वंदना को भरथरी शैली में गाना सिखा रहे हैं। 9वीं कक्षा की प्रशिक्षु छात्रा अलीशा रमांडे ने भरथरी शैली में गणेश वंदना गाकर सबका दिल जीत लिया।

## जॉब अलर्ट

# राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन 29 मई से शुरू




**रायपुर**। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ द्वारा सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं आईटीआई की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 29 मई 2026 से 15 जून 2026 (रात्रि 11.59 बजे तक) आधिकारिक वेबसाइट cgiti.admissions.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने से पूर्व सभी आवेदकों को वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली-भांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही अपने आवेदन पत्र की त्रुटियों तथा संस्था एवं व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम में आवश्यक सुधार अवश्य कर लें। किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता या जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम शासकीय आईटीआई संस्थान या वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### प्रथम चरण की सूची 16 से 22 जून तक जारी की जाएगी

विस्तृत काउंसलिंग शेड्यूल 2026 संचालनालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाएगी। एनआईसी (**NIC**) द्वारा 16 जून 2026 को मुख्य मेरिट सूची जारी की जाएगी। आवंटित संस्था में प्रवेश की तिथि प्रथम चरण की चयन सूची 16 जून से 22 जून 2026 तक जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थाओं में 23 जून से 25 जून 2026 तक प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा। द्वितीय चरण की चयन सूची 26 जून से 3 जुलाई 2026 तक जारी की जाएगी। इस चरण में चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश 4 जुलाई से 7 जुलाई 2026 तक संबंधित संस्थाओं में किया जाएगा तथा तृतीय एवं अंतिम चरण की चयन सूची 8 जुलाई से 12 जुलाई 2026 तक जारी होगी। अंतिम चरण के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया 13 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक पूर्ण की जाएगी। इसके बाद नए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

● शहर की विभिन्न संस्थाएं पौधारोपण का संकल्प 5 जून को लेंगी, लेकिन रोपण प्री-मानसून के बाद ही

# पर्यावरण दिवस पर मत रोपिए पौधे... वैज्ञानिकों ने कहा-बारिश के बाद शुरू करें अभियान, जमीन में कम है नमी, एक दिन में मर जाएंगे पौधे

देश के हिस्सों में 45 से 47 डिग्री तक पहुंच चुके तापमान ने पेड़ों का महत्व समझा दिया है। 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इस खास दिन को लेकर लोग हरियाली फैलाने पौधे रोपने का संकल्प ले रहे हैं, लेकिन पौधे लगाने का यह समय अनुकूल नहीं है। मौसम को देखते हुए शहर की कई बड़ी संस्थाओं ने पर्यावरण दिवस पर पेड़ नहीं लगाने का फैसला किया है।

**रायपुर**। वे पौधारोपण का संकल्प तो 5 जून को जरूर लेंगे, लेकिन रोपण बाद में करेंगे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीएस तिवारी ने बताया, तेज गर्मी के कारण जमीन में नमी की मात्रा इस वक्त कम है। मौसम भी गर्म है। नए पौधों की देखभाल कठिन होगी। अभी वृक्षारोपण से जुड़े कोई कार्य नहीं करने चाहिए। ज्यादातर पौधे बारिश से पहले ही खत्म हो जाएंगे।





### एक दिन की बारिश पर्याप्त नहीं

*कृषि विज्ञान के अनुसार जमीन जब डेढ़ फीट तक नम हो जाती है, तब पौधरोपण करना सही होता है। फिलहाल शहर समेत पूरे प्रदेश की धरती तप रही है। एक दिन की बारिश से भी काम नहीं चलेगा। लगातार तीन दिनों तक बारिश हो, तब कहीं जाकर जमीन पौधों के पनपने लायक होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक, 10 जून तक रायपुर समेत प्रदेश के अधिकतर इलाकों का तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहेगा। ऐसे में पौधे गर्मी से ही मर जाएंगे।*





### सलाह-मशविरा के बाद ही करें पौधरोपण

कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि लोग पर्यावरण बचाने पौधे तो लगाना चाहते हैं, लेकिन जानकारों से कभी सलाह-मशविरा नहीं करते। ऐसा ही हाल सभी अन्य विभागों का भी है। पर्यावरण दिवस पर एक भी पौधा न लगाएं, केवल संकल्प लें। बारिश के बाद जब उमस खत्म हो जाए, तभी अभियान शुरू करें। लोगों को जमीन की भौतिक स्थिति व परिस्थितियों को पहले समझना चाहिए। चाहें तो घरों में आज पौधे लगा सकते हैं, लेकिन मैदान या फिर जमीन में लगाने का यह समय सही नहीं है।

### 15 जून के बाद मौसम अनुकूल, तभी लगाएं पौधे

पर्यावरण को लेकर काम करने वाली दर्जनों संस्थाओं ने पर्यावरण दिवस पर पेड़ नहीं लगाने का निर्णय लिया है। संस्थाओं ने बताया कि बारिश में इस बार भी लाखों पेड़ शहर और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। इस कार्य को करने विभिन्न संस्थाओं की मदद लेंगे। 15 जून के बाद शहर में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। लोगों से भी अपील है कि पर्यावरण दिवस पर पौधे न लगाएं, बारिश होने का इंतजार करें। जमीन में नमी आने से पौधे के खत्म होने की आशंका भी कम हो जाती है।

# तेज गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचने तैराकी का सहारा अब रात 9 बजे तक खोले जा रहे स्वीमिंग पूल

## शहर के अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में दिनभर में 11 बैच, गर्मी के साथ बढ़ रहा रजिस्ट्रेशन





तेज गर्मी में शरीर को ठंडा रखने और हीट स्ट्रोक से खुद को बचाए रखने बड़ी संख्या में लोग अब स्वीमिंग पूल का रुख करने लगे हैं। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय व प्राइवेट स्वीमिंग पूल में भीड़ बढ़ गई है और अब संचालकों को स्वीमिंग के बैच बढ़ाने पड़ रहे हैं। जीई रोड स्थित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में अब रात 9 बजे तक तैराकी और नहाने का आनंद ले सकते हैं। यहां पहले 8 बजे तक अंतिम बैच होती थी, जिसे अब बढ़ा दिया है। संचालक पुष्पकांत चंद्राकर ने बताया, मई माह से अब संख्या बढ़ी है। सुबह 6 से 11 और फिर शाम को 4 से 9 बजे तक नहाने लोग पहुंच रहे हैं।

**रायपुर**। रविवार छुट्टी के दिन यह संख्या हजार तक पहुंच जाती है। नौकरीपेशा व्यक्ति लगातार नए बैच की मांग कर रहे हैं। समय बढ़ाने से शाम के समय अब भीड़ थोड़ी कम हुई है। गर्मी बढ़ने से रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में तेजी आई है। यूनियन क्लब के स्वीमिंग में भी सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ देखने को मिल रही है। बच्चे से लेकर युवा और उम्रदराज सभी तैराकी सीखने और गर्मी से राहत पाने के लिए स्वीमिंग पूल में डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं।

### बच्चों का बढ़ रहा उत्साह

गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चों में भी स्वीमिंग करने को लेकर उत्साह बढ़ने लगा है। प्राइवेट पूल में भी मंगलवार को स्वीमिंग सूट में बच्चे अपने दोस्तों के साथ ठंडे पानी में मस्ती करते दिखे। हाथ और पैर चलाकर पानी में डुबकी तो कभी एक-दूसरे के ऊपर पानी छिड़कते नजर आए। अपने आप को बेहतर तैराक साबित करने मासूम बच्चों का समूह पानी में रेस भी लगा रहा था। हर कोई अपनी ही धुन में ठंडे पानी का आनंद लेता रहा। पूल में जो तैरना सीख रहे हैं या जिनको तैरना नहीं आता, उनके लिए सुरक्षा का अधिक ध्यान रखा गया है। स्वीमिंग पूल के चारों तरफ लोहे की रेलिंग लगाई गई है, ताकि जिनको तैरना नहीं आता वे रेलिंग के सहारे तैरना सीख सकें।

### बॉडी टेम्परेचर कम करने में मददगार

तेज गर्मी में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। स्वीमिंग कर कई युवा बॉडी टेम्प्रेचर सामान्य रखने के लिए घंटों पूल में समय बिता रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक गर्मी में ठंडक लेने के साथ ही शारीरिक व्यायाम व दोस्तों के साथ मनोरंजन के लिए पूल पहुंच रहे हैं। रात में स्वीमिंग शुरू होने से नौकरीपेशा से जुड़े व्यक्तियों को बड़ी राहत मिल रही है। प्रतिदिन सुबह 6 से 11 बजे और शाम को 4 से रात 10 बजे के बीच 11 बैच स्वीमिंग सीखने के लिए आते हैं। स्वीमिंग के लिए हर बैच को एक घंटे का समय दिया जा रहा है। नेशनल और स्टेट लेवल के खिलाड़ियों के लिए समय का कोई प्रतिबंध नहीं है। वर्तमान में अभी 5 साल से लेकर 60 साल तक के लोग आ रहे हैं।

### गर्मी के मौसम में व्यायाम का बेहतर विकल्प

बढ़ती गर्मी व स्वीमिंग पूल को लेकर नैतिक छाबड़ा का कहना है कि दो महीने से पूल आ रहा हूं। स्वीमिंग से शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है और हीट स्ट्रोक का खतरा भी टल जाता है। रोजाना दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते हैं। डंगनिया से डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि ठंड की तुलना में गर्मी में स्वीमिंग करना काफी फायदेमंद होता है। तेज गर्मी के बाद शाम व रात में एक घंटे पानी में समय बिताने से शरीर को ठंडक और मन को शांति मिल जाती है।

# 9 दिवसीय निशुल्क योग प्राणायाम शिविर शुरू

**रायपुर**। गायत्री परिवार रामनगर मुक्तिधाम भगवती संस्थान के सहयोग एवं पतंजलि योग समिति दुर्ग के तत्वावधान में रामनगर भिलाई में 9 दिवसीय निःशुल्क योग प्राणायाम शिविर की शुरुआत रविवार से हुई। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर मुक्तिधाम के प्रांगण में 1 जून तक प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक शिविर चलेगा। शिविर का विधिवत उद्घाटन पतंजलि समिति के योगाचार्य उमेश कुमार साहू, चवन राम साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर के सहायक प्रबंध ट्रस्टी मोहन उमरे, पेखन लाल साहू, ट्रस्टी अजीत सोनबोइर, दिलेश्वर साहू, ट्रस्टी तुलेश्वरी साहू, इंदू ठाकुर, संतोष माण्डले, बी आर डड़सेना की उपस्थिति में गायत्री माता की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन कर किया गया। योगाचार्य उमेश कुमार साहू, नरेन्द्र पटेल, तीजऊ राम साहू, शत्रुहन साहू एवं पेखन लाल द्वारा प्रथम दिन योग-प्राणायाम के साथ प्राकृतिक चिकित्सा, यौगिक क्रियाओं और विभिन्न बीमारियों के प्राकृतिक उपचार व स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। योगाचार्य उमेश कुमार साहू ने कहा, रोज करो योग और रहो निरोग। वहीं गायत्री परिवार कार्यकर्ता मोहन उमरे ने कहा, रोज करो योग, बने रहो निरोग, कोई न करे कभी पानी का दुरुपयोग।




## प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून 2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी 25 मई 2026 से व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। सुबह 9.30 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने तथा इलेक्ट्रॉनिक सामग्री नहीं लाने के निर्देश दिए गए हैं।









## सिटी स्पोर्ट्स

### जशपुर के खिलाड़ियों का नेशनल चैंपियनशिप में जलवा, गोवा में लहराया जीत का परचम




**रायपुर।** गोवा के प्रसिद्ध डुलर फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 10वीं स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप 2026 में जशपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया है। मुख्य फुटबॉल कोच के.के. तिर्की के मार्गदर्शन में उतरी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 और सीनियर दोनों ही कैटेगरी में नेशनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

इस ऑल इंडिया टूर्नामेंट का आयोजन 18 मई से 20 मई तक किया गया, जिसमें देश भर से कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल की टीमों ने अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर कैटेगरी में हिस्सा लिया। सीनियर टीम ने फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु जैसी हैवीवेट टीम को करारी शिकस्त देकर खिताबी जीत हासिल की। इस महामुकाबले में जशपुर के स्टार खिलाड़ी माइकल एक्का और अमन केरकेट्टा ने तमिलनाडु के खिलाफ एक के बाद एक शानदार गोल दागकर इतिहास रच दिया। सीनियर टीम ने इस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए लगातार चौथी बार (4 साल से लगातार) विनर बनने का रिकॉर्ड बनाया है।

पूरे टूर्नामेंट में जशपुर के जांबाज खिलाड़ियों किशोर तिर्की, माइकल एक्का, अमन एक्का, गोलकीपर राजू, राकेश सिंह, अमन केरकेट्टा और अस्मिन राम ने मैदान पर गजब का तालमेल और बेहतरीन खेल दिखाया, जिसके दम पर टीम ने यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

अंडर-19 टीम की ऐतिहासिक जीतः वहीं दूसरी तरफ, फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम का सामना मध्य प्रदेश से हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 01-00 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस बड़ी जीत के बाद टीम के कोच और खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष को याद किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकलकर, जिला स्तर और फिर स्टेट से होते हुए नेशनल चैंपियनशिप तक का यह सफर बेहद कठिन और चुनौतियों से भरा रहा। बिना किसी बड़े आधुनिक संसाधनों के, खिलाड़ियों ने केवल अपने दमखम, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

इस ऐतिहासिक दोहरी जीत के बाद पूरे जशपुर जिले और खेल प्रेमियों में जश्न का माहौल है। कोच के.के. तिर्की और सभी विजेता खिलाड़ियों को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं। अब टीम का अगला लक्ष्य आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए और भी ज्यादा मेहनत करना है।

### एलिट ग्रुप फाइनल में रायपुर ब्लू-धमतरी का मुकाबला शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार से धमतरी में शुरू हुआ। टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध बिलासपुर में टॉस बिलासपुर ने जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी में तीन विकेट पर 168 रन, अनमोल राज सिंह नॉट आउट 55 रन, के अभिनव ने 45 रन, अभिनव गर्ग ने 34 रन, शौर्य जायसवाल नॉट आउट 08 रन और ईशान अग्रवाल ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के मोहम्मद जैद अनवर एवं आदित्य बेडवाल ने एक-एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### तरूण, हरि और रवि रहे प्लेयर ऑफ द मैच



**भिलाई।** भिलाई इस्पात क्लब द्वारा आयोजित सुपर प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को शानदार मैच खेले गए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में पहला मैच खुर्सीपार टाइटन विरुद्ध मोक्ष -11 में परिणाम खुर्सीपार टाइटन ने 17 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच तरुण यादव रहे। दूसरा मैच रॉयल स्ट्राइकर विरुद्ध शिव-11 में परिणाम शिवा-11 ने चार विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच एस टी हरि रहे। तीसरा मैच सूर्या लाइंस विरुद्ध आंजनेय ब्लास्ट में परिणाम सूर्य लाइंस ने 09 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच रवि फरिकर रहे। मैच के अंपायर सुनील डड़सेना, पियूष साहू एवं हरप्रीत सिंह रहे। स्कोरर विवेक सिंघम एवं वीरेंद्र गोस्वामी रहे। यह जानकारी आयोजक अरविंद सिंह ने दी।

---

## जीवनभर के लिए बिगड़ सकती है दिमाग की बनावट

# जंक फूड के नाम पर हम अपने बच्चों को दे रहे हैं धीमा जहर, एहतियात नहीं बरतें तो होगा सेहत पर बुरा असर

बच्चों का शरीर और मस्तिष्क विकास की अवस्था में होता है। ऐसे समय में अगर पोषण की जगह अल्ट्रा-प्रोसेस्ड और हाई-कैलोरी फूड्स ज्यादा खाए जाएं तो शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते और कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। यह आदत जीवनभर के लिए बच्चों के ब्रेन को क्षति भी पहुंचा सकती है।

कई अध्ययन इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि शरीर को सेहतमंद रखना है और गंभीर बीमारियों से बचे रहना है तो सबसे पहले खान-पान में सुधार कर लेना जरूरी है। इसकी शुरुआत बचपन से ही की जानी चाहिए। बच्चों के आहार के पौष्टिक रखकर आप उन्हें भविष्य के कई खतरों से बचाए रख सकते हैं।

हालांकि मौजूदा समय में बच्चों का खान-पान सबसे बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। बर्थडे पार्टी हो या स्कूल का टिफिन, कहीं घूमने जाना हो या फिर शाम की हल्की भूख बच्चों की पहली पसंद अक्सर पिज्जा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, नूडल्स, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक्स ही बनते जा रहे हैं। चूंकि ये आसानी से उपलब्ध होते हैं इसलिए अक्सर माता-पिता भी इसे लाकर दे देते हैं।

पर क्या आप जानते हैं कि ये सामान्य सी लगने वाली खान-पान की आदत बच्चे के लिए इतनी खतरनाक हो सकती है,



जिसे कभी ठीक तक नहीं किया जा सकता? जंक फूड्स से बच्चों में मोटापे का खतरा तो रहता ही है साथ ही अब विशेषज्ञों ने बताया है कि ऐसा खान-पान ब्रेन में ऐसे बदलाव कर सकता है, जिसका असर लंबे समय तक बना रहता है और आमतौर पर इसे कभी ठीक भी नहीं किया जा सकता। अगर आप भी बच्चों को जंक फूड्स दे रहे हैं तो ये उनकी सेहत, विशेषकर ब्रेन के लिए स्लो-पॉइजन के जैसा हो सकता है।



### जंक फूड्स बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक

आयरलैंड स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के विशेषज्ञ बताते हैं कि कम उम्र में बहुत ज्यादा जंक फूड खाने से दिमाग में ऐसे बदलाव हो सकते हैं जो लंबे समय तक बने रहते हैं, भले ही बाद में वह व्यक्ति हेल्दी खाना क्यों न खाने लगे। वैज्ञानिकों ने पाया कि हाई फैट और ज्यादा चीनी वाली चीजें, खाने की आदतें बदल देती है।

इसका दिमाग के उन हिस्सों पर असर पड़ता है जो भूख को कंट्रोल करते हैं। जंक-फास्ट फूड्स दिमाग के भूख और खाने की प्रक्रिया को कंट्रोल करने के तरीके में बदलाव कर देते हैं। जिसका असर जीवनभर बना रह सकता है। ये बदलाव तब भी बने रहते हैं जब आप इस तरह की नुकसानदेय चीजें खाना खाना बंद कर देते हैं।

### जंक फूड्स खाने से दिमाग पर पड़ता है असर

विशेषज्ञों ने कहा, आजकल के बच्चे हाई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से घिरे हुए हैं। इनका जोरदार प्रचार किया जाता है और ये आसानी से उपलब्ध भी हो जाते हैं। 'नेचर कम्युनिकेशंस' में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि हाई कैलोरी और बेहद कम पोषक तत्वों वाले ऐसे खाद्य पदार्थ शरीर को खोखला कर सकते हैं। प्रीक्लिनिकल अध्ययन



में पाया कि जिन चूहों को जीवन की शुरुआत में ही हाई फैट और हाई शुगर वाली चीजें खाने को दी गईं, उनमें वयस्क होने पर खाने के व्यवहार में लगातार बदलाव देखने को मिले। ऐसे खाद्य पदार्थ हाइपोथैलेमस पर सबसे ज्यादा असर डालते हैं। हाइपोथैलेमस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो भूख और ऊर्जा के संतुलन को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

प्रमुख शोधकर्ता डॉ. क्रिस्टीना क्यूस्टा-मार्टी कहती हैं, हमारे नतीजों से पता चलता है कि हम बचपन में जो खाते हैं, वह सच में मायने रखता है। इसका असर सिर्फ आपके वजन पर नहीं दिखता बल्कि शरीर में कई और गंभीर बदलाव हो सकते हैं। एक बाद खाने की आदतों में बदलाव से आपको हमेशा वही चीजें खाने की ज्यादा इच्छा होती है। अगर आप इस इच्छा के चलते लंबे समय तक जंक फूड्स ज्यादा खाते रहते हैं तो ये शरीर में इंफ्लेमेशन को बढ़ाकर डायबिटीज, दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर तक के खतरे को बढ़ा देता है।



## वेट लॉस ही नहीं, इन वजहों से भी बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखें

अक्सर लोग यह मानते हैं कि वेट लॉस के लिए बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखना जरूरी है। लेकिन वास्तव में यह आपके शरीर के लिए कई मायनों में आवश्यक है।

पानी शरीर के लिए अमृत से कम नहीं है। लेकिन अक्सर यह देखने में आता है कि जब लोग अपनी वेट लॉस जर्नी पर होते हैं, तभी वे अपने वाटर इनटेक पर फोकस करते हैं। यह सच है कि वजन कम करने में पानी काफी मददगार होता है। लेकिन वास्तव में यह सिर्फ वज़न घटाने के लिए नहीं, बल्कि आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल भी रखता है। पानी की मदद से थकान दूर होती है, पाचन तंत्र ठीक रहता है। यहां तक कि बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखने से आपकी स्किन भी ग्लो करती है। अमूमन लोग अपनी भागदौड़ भरी जिन्दगी में पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे आपकी सेहत पर उल्टा असर पड़ सकता है। अगर आप यह सोचते हैं कि पानी सिर्फ आपका वजन ही कम नहीं करता है, तो आप यकीनन काफी गलत है। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ई ए स आ ई सी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको बता रही हैं कि बॉडी हाइड्रेशन आपके लिए क्यों जरूरी है-



### एनर्जी बूस्टर की तरह करता है काम

आपको शायद पता ना हो, लेकिन पानी शरीर के लिए एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। अगर आपको किसी वजह से थकावट का अहसास हो रहा है तो हो सकता है कि आपका शरीर थोड़ा डिहाइड्रेट हो गया हो। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो ऐसे में सेल्स स्लो काम करते हैं और व्यक्ति को शरीर में एनर्जी कम महसूस होती है। उस वक्त अगर आप बस 1-2 ग्लास पानी पी लेते हैं तो ऐसे में आपको एकदम से फ्रेश और एक्टिव फील कर सकती हो।

### स्किन में आता है ग्लो

आज के समय में लोग ग्लोइंग स्किन पाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो इससे स्किन डल व ड्राई नजर आती है। यही वजह है कि बॉडी हाइड्रेशन से स्किन को काफी लाभ मिलता है। जब शरीर पूरा हाइड्रेटेड होता है, तो स्किन अंदर से हेल्दी बनती है। ऐसे में स्किन ग्लोइंग और यंगर बनती है। महज हर दिन सही मात्रा में पानी पीना आपकी स्किन का सबसे अच्छा साथी साबित हो सकता है।

### पाचन रहता है एकदम फिट

बॉडी हाइड्रेशन का ख्याल रखने से पाचन तंत्र पर काफी अच्छा असर पड़ता है। जब आप सही मात्रा में पानी पीते हैं तो इससे आपको कब्ज की शिकायत नहीं होती है। साथ ही साथ, खाने के डाइजेशन में भी काफी मदद मिलती है। शायद यही वजह है कि सुबह उठते ही सबसे पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है।

### सिरदर्द में मिल सकता है आराम

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सिरदर्द का एक मुख्य कारण बॉडी डिहाइड्रेशन भी हो सकता है।



## कांच के कंटेनर से स्टीकर हटाने में आपको भी होती है मुश्किल तो वायरल हैक्स कीजिए ट्राई

आपके घर में भी जब बाहर से नए जार या कोई सामान कांच के जार में आता होगा तो उसपर टैग लगा होता होगा। ऐसे में उस प्रोडक्ट के खत्म हो जाने के बाद हम उसे यूज करने के लिए उसके ऊपर से टैग हटाते हैं, लेकिन यह आसानी से हटता नहीं है। ऐसे में आज हम आपको कांच के जार पर लगे स्टिकर को हटाने के कुछ हैक्स लेकर आए हैं। जिन्हें आप भी आजमाकर देख सकती हैं।

### गर्म पानी में नमक डालें

आप यदि अपने किसी भी कांच के जार से स्टीकर हटाने का सोच रही हैं, तो आप गर्म पानी लेकर उसमें थोड़ा नमक मिक्स करें। इसके बाद आप इसमें कांच का जार डाल दें। जार को करीब 10 मिनट के लिए गर्म पानी में पड़ा रहने दें। फिर आप हाथों की मदद से स्टीकर को धीरे-धीरे रगड़ें। स्टीकर का पेपर पूरा हट जाएगा। ध्यान रहे आपको ज्यादा गर्म पानी में कांच का जार नहीं डालना है। इससे यह फट सकता है।

### हेयर ड्रायर का करें इस्तेमाल

कांच के जार पर लगा स्टीकर हटाने के लिए आप बाल को सुखाने वाला हेयर ड्रायर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको हेयर ड्रायर लेकर स्टीकर पर चलाना है। जब स्टीकर हल्का गर्म हो जाए तो उसे किसी नुकीली चीज से हटाने की कोशिश करें। ध्यान रहे ज्यादा देर तक आपको स्टीकर पर हेयर ड्रायर का यूज नहीं करना है।

### भाप से करें साफ

भाप से भी कांच के जार से स्टीकर हटाया जा सकता है। इसके लिए आपको एक बर्तन में पानी



भरकर उसे जैसा पर रखना है। अब उसपर आपको छेद वाली छलनी रखनी है। इस छलनी पर आपको कांच की बोतल स्टीकर की साइड से रखकर ऊपर से किसी प्लेट की मदद से ढक देना है। थोड़ी देर बाद आप प्लेट को हटाएं और चाकू की मदद से स्टीकर को हटाने की कोशिश करें। यहां भी आपको ज्यादा देर के लिए जार को भाप में नहीं रखना है।

### नारियल का तेल

शायद आपको सुनकर अजीब लगेगा कि नारियल के तेल की मदद से भी कांच के जार से स्टीकर को हटाया जा सकता है। इसके लिए आपको हाथों में कोकोनट आयल लेकर स्टीकर पर अच्छी तरह लगाकर छोड़ देना है। थोड़ी देर बाद कागज फूल जाएगा और अब आप उंगलियों की मदद से इसे हटाने की कोशिश करें।

### नेल पेंट रिमूवर

कांच के कंटेनर से स्टीकर हटाने के लिए आपको एक कपड़े में नेल पेंट रिमूवर लेना है। अब आपको उसे स्टीकर पर रगड़ना है।

## गर्मी में घर पर मलाई कुल्फी बनाते समय ये टिप्स बनाएं उसे बेहद टेस्टी



अगर आप घर पर मलाई कुल्फी बना रही है और आप उसके टेस्ट को और भी बेहतर बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

अगर आप मलाई कुल्फी का वह क्रीमी और ऑथेंटिक टेस्ट पाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हमेशा फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। दरअसल, इसमें फैट ज़्यादा होता है, जिससे कुल्फी गाढ़ी और मलाईदार बनती है। साथ ही, इससे बर्फ के क्रिस्टल्स नहीं बनते और कुल्फी का टेक्सचर बिल्कुल वैसा आता है, जैसा आना चाहिए।

### दूध को धीमी आंच पर उबालें

मलाई कुल्फी बनाते समय दूध में एक गाढ़ापन होना चाहिए और इसके लिए दूध को धीमी आंच पर उबालना काफी अच्छा रहता है। इससे दूध में एक मिठास और टेस्ट आता है, जिससे कुल्फी को रबड़ी जैसा गाढ़ापन और बेहतरीन टेस्ट भी मिलता है।

### कंडेस्ड मिल्क का करें इस्तेमाल

वैसे घर पर मलाई कुल्फी बनाते समय कंडेस्ड मिल्क का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं है। लेकिन इससे यकीनन कुल्फी का टेस्ट काफी अच्छा आता है। इससे कुल्फी गाढ़ी भी बनती है और टाइम भी बचता है। कंडेस्ड मिल्क से कुल्फी को क्रीमी टेक्सचर, हल्की कारमेल सी मिठास मिलती है।

अमूमन लोग कुल्फी बनाते समय इलायची पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ताज़ी कुटी इलायची की खुशबू पिसी हुई पाउडर से ज़्यादा दमदार होती है। जिससे कुल्फी की खुशबू और टेस्ट दोनों ही बेहतर होते हैं।

---

कार्नर न्यूज

## फाइबर का सुपरफूड मिलेगा आपको दूसरे बीजों से भी

# प्रचुर मात्रा में प्रोटीन चाहिए तो चिया सीड्स ही नहीं कुछ और बीज भी कीजिए इस्तेमाल

चिया सीड्स को प्रोटीन और फाइबर का सुपरफूड माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं इसके अलावा कई सीड्स हैं जो जिसमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में मिलता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में प्रोटीन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। शरीर की हर कोशिका के निर्माण से लेकर मांसपेशियों की मजबूती, हार्मोनल संतुलन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने तक, प्रोटीन अहम भूमिका निभाता है। जब प्रोटीन के स्रोतों की बात आती है, तो अधिकतर लोग मांसाहारी भोजन या डेयरी उत्पादों पर निर्भर करते हैं। वहीं, शाकाहारी और वीगन डाइट फॉलो करने वाले अक्सर चिया सीड्स को प्रोटीन का एक मुख्य स्रोत मानते हैं, और इसमें कोई संदेह नहीं कि यह एक बेहतरीन विकल्प है। हालांकि, प्रकृति ने हमें ऐसे कई और छोटे, लेकिन बेहद शक्तिशाली विकल्प दिए हैं जो प्रोटीन से भरपूर होने के साथ-साथ अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का भी खजाना हैं।

### भांग के बीज

भांग के बीज प्रोटीन का शानदार स्रोत हैं। 100 ग्राम भांग के बीज में



लगभग 31-33 ग्राम प्रोटीन होता है, जो शाकाहारी लोगों के लिए मांस का बेहतरीन विकल्प है। इनमें सभी 9 आवश्यक अमीनो एसिड्स मौजूद होते हैं, जो मांसपेशियों के विकास और एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करते हैं।

### कद्दू के बीज

कद्दू के बीज, जिन्हें पेपिटास भी कहते हैं, प्रोटीन का पावरहाउस माना जाता हैं। 100 ग्राम कद्दू के बीज में लगभग 24-25 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों, इम्यूनिटी और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। कद्दू के बीज खाने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है, क्योंकि इनमें ट्रिप्टोफैन होता है, जो मेलाटोनिन हार्मोन को बढ़ाता है। इन्हें भूनकर स्नैक के रूप में, सलाद में या स्मूदी में डालकर खा सकते हैं।

### सूरजमुखी के बीज

सूरजमुखी का बीज प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं, जिनमें 100 ग्राम में लगभग 21 ग्राम प्रोटीन होता है। इसमें विटामिन ई, सेलेनियम और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो त्वचा, बालों और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सूरजमुखी का बीज कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इन्हें भूनकर या कच्चा सलाद, ओट्स या दही में मिलाकर खाया जा सकता है।

### तिल के बीज

तिल के बीज, जो सफेद और काले दोनों रूपों में उपलब्ध हैं, प्रोटीन से भरपूर होते हैं।



100 ग्राम तिल में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन बी भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों और हार्मोनल संतुलन के लिए जरूरी हैं। तिल का तेल और बीज पाचन को बेहतर बनाते हैं और अर्थराइटिस के दर्द से राहत दिलाते हैं।

# प्रदेश में 61 हजार घर सोलर से रोशन, सबसे ज्यादा रायपुर में 13 हजार उपभोक्ताओं ने लगवाए पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में साल भर में 61 हजार से ज्यादा घर सोलर से रोशन हो गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 13 उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगवाए हैं। आवेदन तो पौने दो लाख के पार होकर 188535 हो गए हैं। दो साल में 1.30 लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दो साल के लक्ष्य से कहीं ज्यादा आवेदन तो जरूर आ गए हैं, लेकिन सोलर पैनल लगाने की रफ्तार धीमी होने के कारण एक साल का लक्ष्य भी अभी पूरा नहीं हो सका है, पर संभावना है कि दो साल का लक्ष्य जरूर समय से पहले पूरा हो जाएगा।

केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ में आवेदन करने की रफ्तार के साथ सोलर पैनल लगाने की रफ्तार भी धीमी रही है। इसके बाद इस मामले में प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाई और योजना बनाकर काम प्रारंभ किया गया।

योजना में उपभोक्ताओं की रुचि लाने के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार की तरफ से भी सब्सिडी देने का काम प्रारंभ किया है। जहां तीन किलोवाट पर केंद्र सरकार की 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी 30 हजार की सब्सिडी दे रही है। एक और दो किलोवाट पर केंद्र के साथ राज्य सरकार की सब्सिडी मिल रही है। राज्य सरकार की सब्सिडी के ऐलान के बाद योजना में आवेदनों की रफ्तार में बहुत तेजी आई है।

## आवेदन पौने दो लाख के पार, दो साल में 1.30 घरों में सोलर पैनल लगाने का है लक्ष्य

### 61 हजार घरों में लगे सोलर पैनल

प्रदेश में सोलर पैनल लगाने के लिए पांच सौ से ज्यादा वेंडर तय हैं, इसके बाद भी लक्ष्य के हिसाब से सोलर पैनल लगाने की रफ्तार बहुत धीमी है, लेकिन योजना के प्रारंभ होने के कुछ माह बाद से तुलना की जाए तो उसके मुकाबले रफ्तार बढ़ी है। पहले तो बीते साल जून तक महज साढ़े तीन हजार सोलर पैनल ही लगे थे और 42 हजार आवेदन आए थे। इसके बाद जब बीते साल प्रदेश सरकार ने भी सब्सिडी का ऐलान किया तो इसके बाद से इसकी रफ्तार में इजाफा हुआ है। अब तो आवेदन दो साल के लक्ष्य के भी पार हो गए हैं। आज की स्थिति में जहां 59203 आवेदनों पर सोलर पैनल लगे हैं, वहीं इन आवेदनों से 61053 घर रोशन हुए हैं। आवेदनों से ज्यादा घरों के कवर होने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बताते हैं कि कई स्थानों पर एक ही आवेदन से कई घर रोशन हो रहे हैं। किसी बिल्डिंग में अगर 20 घर हैं तो उसके लिए एक ही आवेदन पर छत पर सोलर पैनल लगाकर सभी घरों को रोशन किया जा रहा है। ऐसा प्रदेश में कई स्थानों पर किया गया है।



### रायपुर पहले नंबर पर

सोलर पैनल लगाने के मामले में रायपुर जिला पहले नंबर पर हैं। जिन जिलों में दो हजार से ज्यादा पैनल लगे हैं, ऐसे में जिलों में रायपुर में सबसे ज्यादा 13 हजार घरों में सोलर पैनल लगे हैं। इसके बाद दुर्ग में साढ़े आठ हजार, बिलासपुर में 41 सौ, बलौदाबाजार-भाटापारा में चार हजार, महासमुंद में साढ़े तीन हजार, राजनांदगांव-धमतरी में तीन-तीन हजार, रायगढ़ में ढाई हजार और जांजगीर-चांपा में 21 सौ घरों में सोलर पैनल लग गए हैं।

## निकायों में टेंडर से लेकर भुगतान तक के लिए निर्देश जारी

# नगरीय निकायों में लागत से दस प्रतिशत कम पर ठेका लिया तो देनी पड़ेगी परफार्मेंस गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सभी नगरीय निकायों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों में होने वाले कार्यों के ठेके के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। अगर किसी ठेकेदार ने ठेके की मूल लागत से दस प्रतिशत कम (बिलो रेट) पर ठेका हासिल कर लिया, तो उसे परफारमेंस गारंटी देनी होगी। यही नहीं, कार्य का भूमिपूजन होने के तीन दिनों बाद से काम शुरू करना होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को टेंडर से लेकर भुगतान तक की व्यवस्था को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्माण कार्यों की पूरी प्रक्रिया, प्रस्ताव तैयार करने से लेकर अंतिम भुगतान तक तय नियमों के तहत करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ भूमिपूजन के तीन दिन बाद से काम शुरू करना होगा

इस संबंध में कहा गया है कि निविदाकार को अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से कम निविदा दर होने पर सफल निविदाकार को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत के अंतर की राशि के बराबर परफॉरमेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफडीआर, पोस्ट ऑफिस टर्म डिपॉजिट एनएससी जो कि संबंधित निकाय के आयुक्त, या सीएमओ के नाम से देय होगा, मांग की तारीख से तय समयावधि में जमा कराना होगा। सरकार का मानना है कि इससे बेहद कम दर पर काम लेने के बाद गुणवत्ता से समझौता करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

### इसके बिना कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ेगा

सरकार ने साफ किया है कि किसी भी निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार करने से पहले स्थल निरीक्षण अनिवार्य होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि भूमि किसी विवाद में न हो। विभाग ने यह भी कहा है कि ड्राइंग, डिजाइन और एसओआर का स्पष्ट उल्लेख किए बिना कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




### भुगतान और माप पुस्तिका पर निगरानी

निर्देशों में निर्माण कार्यों के मूल्यांकन और भुगतान व्यवस्था को लेकर भी सख्ती दिखाई गई है। माप पुस्तिका में काट-छांट या संशोधन पर रोक लगाई गई है। साथ ही कुल स्वीकृत राशि का 85 प्रतिशत से अधिक भुगतान चलित देयकों के जरिए नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

### तकनीकी-प्रशासनिक स्वीकृति के लिए जवाबदेही

निर्देशों के मुताबिक निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति निर्धारित सीमा के अनुसार सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता, अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता स्तर पर दी जाएगी। वहीं प्रशासनिक स्वीकृति की वित्तीय सीमा नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों की जनसंख्या के आधार पर तय की गई है। जिन मामलों में राशि निकाय की वित्तीय सीमा से अधिक होगी, वहां राज्य शासन की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी।

### टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर

सरकार ने निविदा प्रक्रिया को लेकर भी कई सख्त प्रावधान लागू किए हैं। टेंडर दस्तावेजों में कार्यस्थल, अनुमानित लागत, अमानत राशि, ठेकेदार की श्रेणी और समय-सीमा का उल्लेख अनिवार्य किया गया है। साथ ही अमानत राशि और ठेकेदारों की पात्रता को लेकर अलग-अलग वित्तीय मानक तय किए गए हैं।

### जीएसटी और रॉयल्टी को लेकर अलग प्रावधान

सरकार ने निर्माण कार्यों के अनुमान तैयार करते समय सामग्री की दरें जीएसटी के बिना लेने और अंतिम भुगतान में लागू जीएसटी जोड़ने के निर्देश दिए हैं। वहीं गौण खनिजों के उपयोग पर रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रमाणपत्र नहीं होने पर जुर्माने सहित अतिरिक्त राशि वसूली जाएगी।

### हर महीने होगी टेंडरों की समीक्षा

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को निर्देश दिया है कि वे हर महीने जारी की गई निविदाओं की जानकारी राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों को भेजें। विभागीय सचिव ने कहा है कि प्रत्येक महीने के अंतिम मंगलवार को निविदाओं की समीक्षा की जाएगी और गड़बड़ी मिलने पर संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अभियंताओं के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### हर टेंडर के लिए समय तय

निर्देशों में कहा गया है कि निविदा जारी होने और आवेदन प्राप्त होने के बीच न्यूनतम समय अवधि तय रहेगी। पहली निविदा के लिए 20 दिन, दूसरी के लिए 15 दिन और तीसरी के लिए 10 दिन का समय दिया जाएगा। ई-टेंडरिंग को बढ़ावा देते हुए 10 लाख रुपये से अधिक की सभी निविदाओं को अनिवार्य रूप से ई-टेंडर के जरिए जारी करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि टेंडर फॉर्म हाथों-हाथ देने की व्यवस्था पूरी तरह बंद की जाएगी और आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

### भूमिपूजन के 3 दिन बाद काम शुरू करना होगा

राज्य सरकार ने अनुबंध प्रक्रिया को भी समयबद्ध बनाया है। निविदा स्वीकृत होने के बाद अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनुबंध करना होगा और अनुबंध के उसी दिन कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। भूमि पूजन के तीन दिनों के भीतर काम शुरू कराना भी अनिवार्य किया गया है।

### लागत बढ़ने पर फिर से मंजूरी जरूरी

निर्माण कार्य के दौरान लागत बढ़ने की स्थिति में पुनरीक्षित तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए मूल और संशोधित लागत का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करना होगा।तीन करोड़ से बड़े प्रोजेक्ट में ही 'एस्केलेशन'सरकार ने स्पष्ट किया है कि तीन करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले कार्यों में ही पेट्रोलियम उत्पादों और मजदूरी दरों में बदलाव के आधार पर एस्केलेशन का लाभ दिया जाएगा। यह लाभ केवल निर्धारित समयावधि तक सीमित रहेगा।

# आयुष के आयुर्विद्या, सुप्रजा प्रशामक देखभाल योजना से मिल रहा मरीजों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष विभाग द्वारा चार प्रमुख राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली बच्चों, गर्भवती माताओं, नवजात शिशुओं, असाध्य रोगों से ग्रसित रोगियों एवं जोड़ों व मांसपेशियों संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों को आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा एवं देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम 'आयुर्विद्या' के तहत स्कूली बच्चों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हुए उनकी जीवनशैली में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार सुप्रजा के अंतर्गत गर्भवती माताओं की देखभाल, उचित गर्भिणीचर्या, नवजात एवं शिशु की देखभाल के साथ-साथ एएनसी, पीएनसी एवं गर्भ संस्कार के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। राष्ट्रीय कार्यक्रम ''कारूण्य-पैलिएटिव केयर'' यानी प्रशामक देखभाल से जीवन-घातक बीमारियों से जूझ रहे रोगियों एवं उनके परिजनों की शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक समस्याओं की प्रारंभिक पहचान कर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है। वहीं ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर कार्यक्रम जोड़ों एवं मांसपेशियों संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों के लिए संचालित एक विशेष पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा उन्हें जोड़ों व मांसपेशियों की समस्याओं के प्रभावी प्रबंधन में सहायता प्रदान करना है।

## अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 मई से

**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से 31 मई तक भुवनेश्वर स्थित 'ओ' अनुसंधान विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। देशभर के सभी राज्यों से 484 कार्यकर्ता प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित रहेंगे, जिनमें अभाविप के राष्ट्रीय पदाधिकारी,देशभर के शैक्षिक परिसरों के विद्यार्थी नेतृत्वकर्ता, शिक्षाविद एवं विभिन्न आयामों से जुड़े प्रतिनिधि कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। छत्तीसगढ़ से भी प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। नागरिक अभिनंदन समारोह, संगठनात्मक समीक्षा सहित कई आयोजन इस दौरान होंगे।

## बिजनेस साइट

### मां पद्मावती हॉस्पिटल के महाशिविर में 5200 से अधिक मरीजों का हुआ सफल इलाज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के समीप पचेड़ा स्थित मां पद्मावती हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 15 दिवसीय निशुल्क महाशिविर स्वास्थ्य सेवा और जनसेवा का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। अस्पताल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस शिविर में अब तक 5200 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर की सबसे खास बात इसका पूरी तरह 'कैश काउंटर मुक्त' होना है। पंजीकरण, दवाइयां, जांच और जटिल ऑपरेशन तक की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह शिविर बड़ी राहत साबित हो रहा है। शिविर में 360 से अधिक लोगों की रक्त जांच, 18 सोनोग्राफी, 28 सीटी स्कैन, 130 ईसीजी तथा 15 इको जांचें की गईं। 750 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।



### आंजनेय शिक्षा रथ से दूरस्थ अंचलों में उच्च शिक्षा की जागरूकता बढ़ी




**रायपुर।** प्रदेश के दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आंजनेय यूनिवर्सिटी द्वारा 'आंजनेय शिक्षा रथ' अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, नारायणपुर और कोंडागांव जैसे क्षेत्रों में युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ने तथा बढ़ते ड्रॉप आउट्स को कम करने की दिशा में प्रभावी पहल साबित हो रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि शिक्षा रथ केवल प्रचार अभियान नहीं, बल्कि शिक्षा, प्रेरणा और अवसरों का चलता-फिरता केंद्र है। यह गांव-गांव पहुंचकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को उच्च शिक्षा, आधुनिक पाठ्यक्रमों, तकनीकी शिक्षा एवं करियर निर्माण की संभावनाओं की जानकारी दे रहा है। अभियान के तहत इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, फार्मेसी, मैनेजमेंट, पत्रकारिता, फिल्म, डिजाइन और कॉमर्स सहित विभिन्न आधुनिक पाठ्यक्रमों की जानकारी के साथ करियर काउंसलिंग भी दी जा रही है। विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### कलिंगा यूनिवर्सिटी में 'टॉपर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी 5.0' का भव्य आयोजन




**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी में 'टॉपर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी 5.0' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में सीजीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में करीब 200 विद्यार्थियों और 150 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार रहे। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर डॉ. मोनिका सेठी, रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी तथा क्रिएटर पिजुश के रॉय विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। विश्वविद्यालय ने टॉप रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रेरणादायक सत्र, कैंपस विजिट और करियर मार्गदर्शन गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों के लिए भी 6 जून को इसी प्रकार का समारोह आयोजित किया जाएगा।

### खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 1.87 लाख करोड़ के पार



**रायपुर।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 1.87 लाख करोड़ रुपए के कारोबार का आंकड़ा पार कर लिया है। नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन, राजघाट कार्यालय में जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र की बिक्री में 501 प्रतिशत तथा उत्पादन में 380 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2013-14 में जहां कुल बिक्री 31,154 करोड़ रुपए थी, वहीं 2025-26 में यह बढ़कर 1,87,105 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इसी अवधि में रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत वृद्धि हुई और अब 2.04 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' अभियानों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। पीएमईजीपी और ग्रामोद्योग विकास योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता को भी व्यापक बढ़ावा मिला है।

## पेट्रोल-डीजल संबंधित आदेश अव्यवहारिक

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन के उस आदेश को अव्यवहारिक बताया है, जिसमें सिर्फ किसानों को ही जर्किन और डिब्बों में पेट्रोल-डीजल प्रदान करने की अनुमति दी गई है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष देवलाल नरेटी ने कहा, कॉलोनियों में बड़ी संख्या में डीजल जनरेटर उपयोग में लाए जाते हैं, जिनके लिए डीजल की आवश्यकता पड़ती है। केटरिंग व ढाबों में भी डीजल भट्टी उपयोग होती है। प्रशासन को आम जनता की व्यावहारिक जरूरतों को समझते हुए निर्णय लेना चाहिए। छोटे व्यवसायियों की पहचान कर उन्हें भी सुरक्षित तरीके से जर्किन या डिब्बों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की मांग पार्टी ने की है।

# कौशिक के बाद भाजपा विधायक से ठगी राज्य में कोई सुरक्षित नहीं : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ सायबर ठगी इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ में कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य में भाजपा की सरकार का खौफ अपराधियों में खत्म हो चुका है। कानून व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। कुछ दिन पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक का सरेआम मोबाइल लूट लिया जाता है।

भाजपा के विधायक के साथ ठगी हो जाती है और ठगी ऐसे विधायक के साथ हो जाती है, जो पेशे से अधिवक्ता हैं। घटना से अनुमान लगाया जा सकता है कि राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ऑफलाइन, ऑनलाइन ठगी हो रही है। लूट, हत्या, चाकूबाजी की घटना अब आम हो गयी है। जब भाजपा के दो विधायक के साथ इस प्रकार की घटना हो सकती है तो आम आदमी के साथ क्या नही हो सकता। उन्होंने कहा, पुरंदर मिश्रा पढ़े लिखे विधायक हैं, वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के पीए के नाम पर ठगी के शिकार कैसे हो सकते हैं। इसका मतलब वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पीए को पहले भी पैसा देते रहे हैं, तभी उन्होंने उसकी मांग पर बिना शंका किये तत्काल ऑनलाइन पैसा भेज दिया। उन्होंने कहा, भाजपा आलाकमान के लोग छत्तीसगढ़ को एटीएम समझते रहे हैं, यह कोई नई बात नहीं है।

# गर्मी का सीजन खत्म होने को, 100 का लक्ष्य, नए नलकूप खनन 30 से भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल गर्मी के सीजन में भू-जल स्तर नीचे चले जाने से कई ग्रामों में नलकूप सूख जाते हैं। इसके कारण इन ग्रामों में पानी की समस्या गंभीर हो जाती है। इसे देखते हुए ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को हर साल गर्मी के पहले जिन-जिन ग्रामों में नलकूप सूख जाते हैं, या गर्मी के दिनों में सूखते हैं, उनकी सूची तैयार कर विभाग को नए नलकूप खनन का टारगेट दिया जाता है, ताकि किसी भी गांव में गर्मी के दिनों में पानी की समस्या नहीं रहे, लेकिन विभाग हर साल टारगेट को पूरा करना तो बहुत दूर 50 प्रतिशत भी नए नलकूप करा नहीं पा रहा है। या यूं कहें कि अफसरों की लापरवाही के कारण कई ग्रामवासियों को भीषण गर्मी में हर साल पानी के लिए जूझना पड़ता है।

■ जिले के कई ग्राम भीषण गर्मी में पानी संकट से जूझ रहे



***चारों ब्लॉक के कई ग्रामों में सूख चुके नलकूप :*** जिले के चारों ब्लॉक, आरंग, तिल्दा, अभनपुर एवं धरसींवा क्षेत्र के कई ग्रामों में भीषण गर्मी के कारण नलकूप सूख चुके हैं। इन ग्राम पंचायतों के द्वारा नए नलकूप खनन के लिए प्रस्ताव भी जनपद पंचायतों के माध्यम से विभाग तक पहुंच चुके हैं। जिला पंचायत के कुछ सदस्यों द्वारा भी कुछ ग्रामों में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए नलकूप खनन कराने के लिए विभाग से संपर्क कर चुके हैं।

### इस वर्ष भी 30 से कम नलकूप खनन

विभागीय सूत्रों से पता चला है कि चालू वित्तीय वर्ष में भी विभाग को 100 से अधिक नए नलकूप खनन का टारगेट दिया गया हैं, लेकिन अब तक 30 से कम नलकूप खनन के लिए गए हैं। हालांकि इस संबंध में विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्टि नहीं की गई है।

### जानकारी लेता हूं

नलकूप खनन का टारगेट कितना मिला है, तथा अब तक कितने पूर्ण हो चुके हैं। इसकी जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारी ही दे पाएगा। टारगेट की तुलना में अगर बहुत कम नलकूप खनन हुए हैं, तो इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

*- कुमार बिश्वरंजन, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर*

### कई गांवों में पानी की समस्या

जिले में साढ़े चार सौ से अधिक ग्राम हैं। टागरेट 100 नलकूप खनन का दिया जाता है, जो बहुत कम है। इसके बाद भी पीएचई विभाग मुश्किल से 20-25 नलकूप खनन कर पाता है। चालू वर्ष में भी यही स्थिति है, जिसके कारण कई गांव में पानी की समस्या बनी हुई है।

*- वतन चंद्राकर, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर*

### पिछले वर्ष 100 का मिला था टारगेट, गर्मी सीजन तक 31 ही करा पाया

पीएचई विभाग ने वर्ष 2025-26 में जून माह में हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में नलकूप खनन का आकड़ा प्रस्तुत किया था। यह आंकड़ा जिला अधिकारी अनिल बच्चन ने पेश किया था। इन आंकड़ों के अनुसार विभाग को 100 नलकूप खनन का टारगेट मिला था, लेकिन जून माह तक मात्र 31 ही नलकूप खनन किए गए थे। हालांकि इन आंकड़ों को भी जिला पंचायत के सदस्यों ने कागजों में बताया था। हकीकत में 20 से कम नलकूप खनन किए जाने का आरोप सदस्यों ने लगाया था। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया था कि बचने के लिए अधिकारी ने गलत रिपोर्ट पेश की है, जबकि जहां-जहां नलकूप खनन गए हैं, उन ग्रामों की सूची भी सदस्यों के समक्ष सार्वजनिक नहीं की गई थी।